दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik | asliazadidainikofficial

# असली आज़ादी

The Voice of Union Territory Dadra and Nagar Haveli and Daman-Diu Since 2005

www.asliazadi.com

■ वर्ष: 20, अंक: 304 ■ दमण, बुधवार 27 अगस्त 2025, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## दमण में 29 अगस्त से 5 सितंबर तक मनाया जायेगा मानसून महोत्सव 2025

**■ 29 अगस्त की शाम नाइट मार्केट में नीति मोहन का लाइव कॉन्सर्ट और देशभक्तिपूर्ण प्रदर्शन से मानसून महोत्सव का होगा भव्य आगाज ■ 30 अगस्त को पर्यटन सांस्कृतिक परेड ■ नाइट मार्केट में राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन और आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन होगा : 31 अगस्त से 5 सितंबर तक नाइट मार्केट में लाइव बैंड परफॉर्मेंस के साथ तटीय संगीत संध्या का भी होगा आयोजन ■ 29 अगस्त से 5 सितंबर तक देवका गार्डन, नमो सी-फ्रंट में हस्तशिल्प मेला, फूड फेस्टिवल और ऑटोमोबाइल प्रदर्शनी का होगा आयोजन ■ पहली बार भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने मानसून महोत्सव के आयोजन को दिया है अपना समर्थन**

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त।

केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव 29 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक मानसून महोत्सव 2025 को स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भारी उत्साह और भागीदारी के साथ मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशिष्ट पर्यटन कार्यक्रम बन गया है, जिसका पूरे क्षेत्र और उससे बाहर के लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। पिछले 9 वर्षों में केंद्रशासित प्रदेश ने बुनियादी ढाँचे, पर्यटन और समग्र विकास में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। प्रगति की यह उल्लेखनीय यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट समर्थन, प्रेरणा और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण संभव हुई है। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का उनका आह्वान इस परिवर्तन के पीछे मार्गदर्शक शक्ति रहा है। प्रशासक प्रफुल पटेल के गतिशील नेतृत्व में केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन ने सक्रिय प्रशासनिक कदम उठाए हैं, विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचा तैयार किया है और पर्यटकों के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया है, जिसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में पर्यटकों की संख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है। केंद्रशासित प्रदेश अब विश्व स्तरीय नमो पथ और रामसेतु समुद्र तट, नाइट मार्केट, वॉक-इन एवियरी, देवका उद्यान, गो-कार्टिंग और शानदार टेंट सिटी का गौरव प्राप्त करता है। पहली बार भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने मानसून महोत्सव के आयोजन को अपना समर्थन दिया है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पर्यटन आयोजन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा की पुष्टि होती है। 29 अगस्त की शाम नाइट मार्केट में नीति मोहन का लाइव कॉन्सर्ट और देशभक्तिपूर्ण प्रदर्शन से मानसून महोत्सव का भव्य आगाज होगा। 30 अगस्त 2025 को पर्यटन सांस्कृतिक परेड - नाइट मार्केट में राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन और भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन और 31 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक नाइट मार्केट में लाइव



बैंड परफॉर्मेंस के साथ तटीय संगीत संध्याएं आयोजित होगी। 29 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक देवका गार्डन, नमो सी-फ्रंट में हस्तशिल्प मेला, फूड फेस्टिवल और ऑटोमोबाइल प्रदर्शनी का आयोजन होगा। दमण का नाइट मार्केट मानसून महोत्सव 2025 के दौरान सभी गतिविधियों का केंद्रबिंदु होगा, जो आगंतुकों को संस्कृति, मनोरंजन और फुर्सत का एक जीवंत मिश्रण प्रदान करेगा। पिछले कुछ वर्षों में नाइट मार्केट दमण के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक के रूप में विकसित हुआ है, जो स्थानीय लोगों और यात्रियों दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है। एक विशिष्ट आकर्षण के साथ डिज़ाइन किया गया, इसकी दुकानों और आवासीय भवनों में इंडो-पुर्तगाली शैली की वास्तुकला है, जो कलात्मक प्रकाश व्यवस्था से पूरित है जो एक जीवंत माहौल बनाती है। विश्व स्तरीय स्ट्रीट फर्नीचर आगंतुकों को आराम और सुविधा प्रदान करता है, जिससे नाइट मार्केट न केवल एक खरीदारी केंद्र बन जाता है, बल्कि एक अनूठा सांस्कृतिक और मनोरंजक अनुभव भी प्रदान करता है। पर्यटन विभाग दमण की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आधुनिक जीवंतता को प्रदर्शित करने वाले इस जीवंत उत्सव में शामिल होने और इसका हिस्सा बनने के लिए सभी को आमंत्रित करता है।

## दमण पुलिस ने अपने ही क्राइम ब्रांच के पीएसआई सहित के 9 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**■ क्राइम ब्रांच की टीम पर अपहरण कर पैसे उगाही करने का शिकायतकर्ता ने लगाया था आरोप**

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त।

दमण में पुलिस विभाग द्वारा अपने ही क्राइम ब्रांच विभाग के पीएसआई सहित के पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज करने से हडकंप मच गया। दमण पुलिस ने क्राइम ब्रांच के पीएसआई सहित 9 लोगों पर अपहरण कर पैसा उगाही के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार अजेश पटेल की शिकायत पर दमण पुलिस ने एक्शन लेते हुए क्राइम ब्रांच के पीएसआई धनजी दुबरिया, पुलिसकर्मी जतीन पटेल, अनुश सिंह, रामदेवसिंह जाडेजा, विशाल मीर, विकास राजपुत, कृष्णाविजय गोहिल एवं एक अन्य के खिलाफ अंडर सेक्शन 140(2), 308(7) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत कडैया कोस्टल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। पुलिस द्वारा जांच करने पर पता चला की क्राइम ब्रांच का स्टाफ शराब के मामले में तीन लोगों को लेकर आया था और छोडने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की थी। जिसमें पीडित व्यक्तियों ने 7 लाख रुपये की राशि भी अदा कर दी थी। दमण पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी रखी है।

## अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए दीव जिले में शराब की प्लास्टिक बोतलों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध

**■ 180 मिलीलीटर या उससे छोटे पैक में सभी आईएमएफएल और देशी शराब प्लास्टिक बोतलों में बेचने की मनाही, सिर्फ कांच की बोतलों में ही बेची जा सकेगी**

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 26 अगस्त। अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए दीव जिले में शराब की प्लास्टिक बोतलों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस बावत दीव आबकारी उपायुक्त ने संबंधित विभाग को पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि दीव के आबकारी विभाग द्वारा प्रवर्तन अभियानों के दौरान यह पाया गया है कि अधिकांश अवैध शराब की तस्करी के मामलों में प्लास्टिक की बोतलों में शराब का परिवहन शामिल है। महिलाएं भी अक्सर अपने शरीर पर प्लास्टिक की शराब की बोतलें टेप से चिपकाकर छिपाती पाई जाती हैं। छिपाने का यह तरीका सीमाओं पर प्रभावी जाँच के लिए गंभीर चुनौतियाँ पेश करता है और दीव जिले से सीमावर्ती राज्य गुजरात तक शराब की तस्करी को आसान बनाता है। ऐसी अवैध शराब गतिविधियों पर अंकुश लगाने और प्रवर्तन उपायों को मजबूत करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अब से 180 मिलीलीटर या उससे छोटे पैक में सभी भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) और देशी शराब केवल कांच की बोतलों में ही बेची जाएगी। यह ध्यान देने योग्य है कि वर्तमान में प्लास्टिक की बोतलों में उपलब्ध प्रत्येक शराब ब्रांड पहले से ही पंजीकृत है और उसी एमआरपी पर कांच की बोतलों में बेचा जाता है। इसलिए इस बदलाव के कारण निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं या खुदरा विक्रेताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह सुनिश्चित करें कि 180 मिलीलीटर या उससे छोटे पैक में सभी भारतीय निर्मित विदेशी शराब और देशी शराब लाइसेंस प्राप्त खुदरा विक्रेताओं को केवल कांच की बोतलों में ही बेची जाएँ, न कि प्लास्टिक की बोतलों में। हालाँकि आपको अपने पास पहले से मौजूद शराब के बचे हुए स्टॉक को प्लास्टिक की बोतलों में बेचने/निपटाने की अनुमति है। इस कदम से न केवल अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि आबकारी और पुलिस अधिकारियों के लिए जाँच भी आसान होगी और पूरे जिले में बेहतर प्रवर्तन सुनिश्चित होगा। इसके लिए संबंधित विभाग को कहा गया है कि इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाये और सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश जारी किये जाये।



## भारतीय मौसम विभाग ने 27 से 31 अगस्त तक कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 27 से 31 अगस्त तक देश के विभिन्न राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले सात दिनों तक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की संभावना है। 28-29 अगस्त को उत्तराखंड और 29 अगस्त से 1 सितंबर तक पूर्वी राजस्थान में बहुत भारी बारिश हो सकती है। वहीं ओडिशा, छत्तीसगढ़, विदर्भ, झारखंड, बिहार और मध्य प्रदेश में अगले पांच से सात दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना है। ओडिशा में 27 अगस्त को और छत्तीसगढ़ में 27-28 अगस्त को बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। गुजरात, कोंकण, गोवा और महाराष्ट्र में भारी बारिश की उम्मीद है। महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में 27-28 अगस्त को बहुत भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश में 28 अगस्त को अति भारी बारिश की संभावना है। तेलंगाना, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 31 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना है। मछुआरों को 26 से 31 अगस्त तक बंगाल की खाड़ी और अन्य समुद्री क्षेत्रों में न जाने की सख्त हिदायत दी गई है।

## पंजाब में बाढ़ का कहर, रेलवे रूट बंद, 90 ट्रेनें प्रभावित

अमृतसर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही भारी बारिश का असर अब पंजाब में दिखने लगा है। राज्य के 7 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। रणजीत सागर डैम और भाखड़ा डैम से लगातार पानी छोड़े जाने से रावी, सतलुज और ब्यास नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते खतरे को देखते हुए जालंधर, कपूरथला, पठानकोट और गुरदासपुर जिलों के अलावा अमृतसर के अजनाला और रईया ब्लॉक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, फाजिल्का के 20 बाढ़ग्रस्त गांवों के स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे। तरनतारन और फिरोजपुर में हरिके हेडवर्क्स से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इस बीच, ब्यास नदी पर बने चक्की रेलवे पुल के नीचे से मिट्टी धंस जाने के कारण पठानकोट-जालंधर रेलवे रूट बंद कर दिया गया है। इसके चलते करीब 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कुछ ट्रेनों का रूट बदलकर पठानकोट-अमृतसर-जालंधर के रास्ते से संचालन किया जा रहा है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी है। हेलिकॉप्टर की मदद से अब तक 6 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। वहीं, कई स्थानों पर बांध टूटने और निचले इलाकों में पानी भरने से हालात और बिगड़ सकते हैं।

## गौहत्या के आरोपी को जमानत देने से इंकार, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का अहम फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने गौहत्या के एक मामले में आरोपी आसिफ को जमानत देने से इंकार किया है। जस्टिस संदीप मुद्गिल की बेंच ने फैसले में कहा कि आसिफ आदतन अपराधी है और उसने पहले भी मिली छूट का गलत फायदा उठाया है। कोर्ट ने बताया कि आसिफ पहले भी गौहत्या के आरोप का सामना कर चुका है। बार-बार इस तरह के अपराध करना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह भारत की संवैधानिक और सांस्कृतिक संरचना के लिए भी खतरा है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि भारत में गाय को पवित्र माना जाता है और उसकी हत्या करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। बात दें कि आसिफ के खिलाफ 3 अप्रैल, 2025 को नूंह सदर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने एक गाड़ी से दो गायों को बरामद किया था, जिन्हें कथित तौर पर कत्ल के लिए राजस्थान ले जाया जा रहा था। पुलिस को गाड़ी से चाकू और कुल्हाड़ी भी मिली थीं, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि गायों को मारने के लिए ही ले जाया जा रहा था। इस मामले में तसलीम, अमन और आसिफ नाम के तीन लोग शामिल थे। पुलिस की कार्रवाई के दौरान आसिफ मौके से फरार हो गया था। आसिफ ने अमन की तरह जमानत की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जो व्यक्ति लगातार नियमों का उल्लंघन करता है, उस ऐसी सुविधा नहीं दी जा सकती। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ हरियाणा गोवंश संरक्षण और गोसंवर्धन ऐक्ट, 2015 और पशु क्रूरता अधिनियम, 1960 के तहत मामला दर्ज किया था।

## कोटदीप मोहल्ले में, जमीन में गहरी दरारें.....100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमौली जिले में स्थित धराली में आपदा प्रभावितों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में, थराली बाजार के ऊपर, कोटदीप मोहल्ले में, ज़मीन में गहरी दरारें पड़ गई हैं, जिससे वहां के निवासियों में भय का माहौल है। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखकर 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। थराली-डुंगी मोटर मार्ग और उसके आस-पास की ज़मीन में चौड़ी दरारें आ गई हैं। चूंकि कोटदीप के ठीक नीचे थराली का मुख्य बाजार है, जिसमें कई इमारतें हैं, इसलिए प्रशासन ने कोई जोखिम नहीं लिया और क्षेत्र को खाली करवा दिया है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. संदीप तिवारी के अनुसार, इन दरारों और भूस्खलन के कारणों का पता लगाने के लिए एक वैज्ञानिक टीम द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। भूस्खलन के खतरे को देखते हुए, थराली में चिकित्सा विभाग के आवासीय भवन, तहसील के एसडीएम रिकॉर्ड रूम, और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों, खासकर चेपड़ों में, एसडीआरएफ और तहसील प्रशासन की टीमें मलबे को हटाने का काम कर रही हैं। हालाँकि, चेपड़ों से एनडीआरएफ और सेना की टीमें वापस लौट गई हैं। आर्थिक सहायता- पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके 8 घरों के मालिकों को 40.35 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है। इस आपदा में 47 दुकानें, 8 घर, और 4 गौशालाएं पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके अलावा, 38 दुकानें, 15 घर, और 11 घर और 79 दुकानें हैं जिनमें मलबा घुस गया है। 26 वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। चेपड़ों क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा को फिर से शुरू कर दिया गया है, लेकिन जल संस्थान की 14 योजनाएं अभी भी क्षतिग्रस्त हैं।

# देश के खाते में एक साल का खर्च चलाने के बराबर रुपया, जो आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त

### -आरबीआई गवर्नर ने कहा- भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही उन्होंने जरूरी चीजों पर भी फोकस किया और बताया कि आगे कौन-कौन सी चुनौतियां आने वाली हैं, जिनसे निपटने के बाद ही भारत यह रुतबा हासिल कर सकता है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि देश के खाते में एक साल का खर्च चलाने के बराबर रुपया है, जो किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैसे तो भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ समय से बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि हमारी इकनॉमी पिछले 4 साल में 8 फीसदी सीएजीआर के हिसाब से बढ़ रही है, जबकि महंगाई दर पिछले एक दशक में 4.9 फीसदी की औसत दर पर बनी हुई है। सेवा निर्यात और विदेश से धन भेजे जाने की वजह से देश में विदेशी मुद्रा का भी प्रवाह बढ़ा है। फिलहाल हम वित्तीय स्थिति को स्थिर बनाए रखने पर जोर दे रहे हैं।

गवर्नर की मानें तो अभी देश के विदेशी मुद्रा भंडार 695 अरब डॉलर है, जो किसी भी आपात स्थिति में 11 महीने के आयात खर्च को चलाने के लिए काफी है। देश में चालू खाते का घाटा इस समय जीडीपी के महज 0.6 फीसदी के बराबर है, जो हमारी मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। यह स्थिति सही नीतिगत फैसलों और ढांचागत सुधारों की वजह से आई है, जिसका फायदा पूरी अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस ग्राहकों की सुरक्षा के साथ ग्रोथ करने पर है और इस बैलेंस को बनाना ही सबसे मुश्किल काम है।

भारत अभी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है और जीडीपी का आकार करीब 4.3 ट्रिलियन डॉलर का है। अनुमान है कि यह साल 2030 से पहले ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस बारे में आरबीआई गवर्नर के दावे से पहले ही ग्लोबल फर्म मॉर्गन स्टेनली ने दावा किया था कि भारत साल 2027-28 तक यह लक्ष?य हासिल कर सकता है। हालांकि एसएंडपी का मानना है कि भारत को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 2030 तक का समय लग सकता है, जिसके लिए उसे अपनी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना बढ़ाकर 7 से 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना होगा। यह लक्ष्य 6 से 7 फीसदी विकास से हासिल हो जाएगा। भारत में तीसरी बड़ी इकनॉमी बनने के लिए सभी जरूरी क्षमताएं हैं। उसकी ग्लोबल इकनॉमी में हिस्सेदारी बढ़कर 20 फीसदी से भी ज्यादा पहुंच गई है। भारत की विकास दर अभी दुनिया में सबसे ज्यादा है, जिसे महंगाई में नरमी, बेहतर कैश इनफ्लो और रूरल इकनॉमी की वृद्धि से भी समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी होने के कारण भारत एक बड़ा घरेलू बाजार भी है। इससे उपभोग बढ़ेगा और मैन्युफैक्चरिंग में उछाल आने से जीडीपी का आकार भी बढ़ता जाएगा। अभी जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र का 15.6 फीसदी हिस्सा है, जो अगले कुछ साल में 21 फीसदी से ज्यादा हो जाएगा।

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी ने की छापेमारी, 13 जगहों पर तलाशे घोटाले के प्रमाण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अस्पताल निर्माण में हुए कथित घोटाले को लेकर ईडी ने आप नेता सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर छापेमारी की। पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल समेत आप के कई नेताओं पर अलग-अलग मामलों में ईडी शिकंजा कस चुकी है। यह पहली बार है जब केंद्रीय जांच एजेंसी सौरभ भारद्वाज तक पहुंची है। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। आरोप है कि इन परियोजनाओं में बेवजह देरी की गई और इनकी लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई। आम आदमी पार्टी इसमें किसी तरह के भ्रष्टाचार के आरोप से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि उनके नेताओं को बेवजह फंसाया जा रहा है। सत्येंद्र जैन के जेल जाने के बाद सौरभ भारद्वाज को दिल्ली सरकार में मंत्री बनाया गया था और उन्हें स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी। सौरभ पार्टी के तेज तर्रार प्रवक्ता भी हैं और अरविंद केजरीवाल समेत कई बड़े नेताओं के जेल में बंद रहने पर सौरभ और आतिशी ने सरकार और पार्टी का कामकाज संभाला था। बताया जा रहा है कि सुबह ही ईडी की एक टीम सौरभ भारद्वाज के आवास पर पहुंची। कड़ी सुरक्षा के बीच टीम ने उनके घर दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आप सरकार के दौरान हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स में कथित घोटालों को लेकर पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच ईडी कर रही है। इसी सिलसिले में 13 जगहों पर छापेमारी की गई है।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव 'सिद्धांतों' की लड़ाई है हार-जीत की नहीं: अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानि इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव हार-जीत की नहीं, बल्कि 'सिद्धांतों' की लड़ाई है और उम्मीद जताई कि न्याय के पक्षधर सभी दलों के सदस्य अपनी ''अंतरात्मा'' की आवाज पर 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे।

मंगलवार को लखनऊ दौरे पर आए इंडिया की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एवं उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायामूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी का सपा कार्यालय में स्वागत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि आज जिन राजनीतिक परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हो रहा है और हम जिस न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, उसके लिए एक न्यायमूर्ति से बेहतर विकल्प क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जो लोग न्याय के पक्षधर हैं, वे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर हमारे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालेंगे। साथ ही उन्होंने आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी उपराष्ट्रपति जैसे उच्च संवैधानिक पद को एक विशेष विचारधारा से जोड़ना चाहती है, जो देशहित में नहीं है। इस मौके पर कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को होगा। यह पद जगदीप धनखड़ के हाल में इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुआ है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने इस चुनाव में पूर्व सांसद सी.पी. राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## अगर उनका पूरा खानदान भी बिहार आ जाए... तब भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा

### वोट अधिकार यात्रा पर उपमुख्यमंत्री सिन्हा का तंज

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल होने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता उन सभी लोगों को सबक सिखाएगी जिन्होंने कभी राज्य को अराजकता, पलायन और जंगलराज की ओर धकेल दिया था। उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा, यह लोग कितनी भी कोशिश कर लें, बिहार की जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली हैं, बल्कि उन्हें सबक सिखाएगी। जिन्होंने बिहारी को गाली बनाया, बिहार को बर्बाद किया, बिहारियों को पलायन के लिए विवश किया, अराजकता और जंगलराज को बढ़ावा दिया, उन्हें बिहार की जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जंगलराज के दौर में जिन लोगों ने उग्रवाद को पोषित किया और गुंडाराज को पाला, वे आज लोकतंत्र और वोट के अधिकार की दुहाई दे रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कटाक्ष कर कहा, अगर उनका पूरा खानदान भी बिहार में आ जाए, तब भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम सिन्हा ने अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ की अधिसूचना जारी करने के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, भारत आत्मनिर्भर है और स्वाभिमान के साथ जीता है। चिंता की कोई बात नहीं है।

बता दें, प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सुपौल में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुईं। बिहार में 17 अगस्त से जारी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा मंगलवार को सुपौल पहुंची। इस दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी यात्रा का हिस्सा बने। प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को भी राहुल गांधी के साथ बिहार में यात्रा निकालेंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव



(संगठन) केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा बुधवार को सीतामढ़ी में जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना करने भी जाएंगी।

## घर जा रहे राजद नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

हाजीपुर। वैशाली जिले के पकौली में सोमवार देर रात रिटायर्ड बिजली कर्मी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड महासचिव शिव शंकर सिंह की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना रात करीब 11 बजे की है, जब शिव शंकर अपने पुराने घर भैरोपुर से पकौली में बने नए घर जा रहे थे। घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ चार गोलियां चलाई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चार खोखे बरामद किए। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। वहीं, इस घटना से इलाके में तनाव है और लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बिदुपुर थाना के एसएचओ ने बताया कि शुरुआती जांच में हत्या का मकसद साफ नहीं हुआ है। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर कर दिया स्थिति नियंत्रित में है। वहीं, शिव शंकर के परिजनों ने बताया कि वह रिटायरमेंट के बाद जमीन की खरीद-बिक्री का काम करते थे। उनका एक बेटा बैंक में मैनेजर है। पांच साल पहले उन्होंने पकौली में नया घर बनवाया था। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिवार ने अपराधियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिव शंकर सिंह राजद के सक्रिय प्रखंड महासचिव थे और उनकी हत्या ने बिहार की सियासत को गर्म दिया है। बता दें वैशाली में पहले भी राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसके कारण यह हत्याकांड राजनीतिक रंग ले सकता है। स्थानीय लोगों और राजद समर्थकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग और राजद कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वैशाली के एसपी ने कहा कि एसआईटी का गठन किया गया है जो जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष का शुभारंभ किया, दिल्ली में होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

### -कई देशों के राजनयिकों को आमंत्रित किया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 26 अगस्त से अपने शताब्दी वर्ष का शुभारंभ किया। इस मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन हुआ है। इस विशेष कार्यक्रम का विषय आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा- नए क्षितिज है। इसी कड़ी में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने विज्ञान भवन में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के साथ शताब्दी समारोह की शुरुआत की। यह श्रृंखला 26 से 28 अगस्त तक चलेगी, जिसमें हर शाम चर्चाएं होंगी।

भागवत आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा- नए क्षितिज विषय पर अपने विचार प्रकट करने वाले हैं। वे इस बात पर जोर देने वाले हैं कि स्वयंसेवक स्वयं को कैसे देखते हैं, संगठन के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करने और उन समूहों से भी संपर्क करने का प्रयास होगा, जो आजतक आरएसएस से दूरी बनाए हुए हैं। आरएसएस सूत्रों के अनुसार, कई देशों के राजनयिकों को आमंत्रित किया गया है। इस चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होने वाले हैं, जिन्हें 17 मुख्य समूहों और 138 उप-श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें कला, खेल, न्यायपालिका, नौकरशाही, कूटनीति, राजनीति, विचारक, मीडिया, स्टार्टअप और प्रभावशाली व्यक्ति शामिल हैं। करीब 2000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।



#### 50 से अधिक विदेशी दूतावासों को निमंत्रण

पहले दिन (26 अगस्त) आरएसएस की 100 साल की यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दूसरे दिन इसके भविष्य के दृष्टिकोण पर चर्चा होगी, जबकि तीसरे दिन मोहन भागवत के साथ एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र होगा। आरएसएस ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, नेपाल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका और कई मुस्लिम बहुल देशों सहित 50 से अधिक विदेशी दूतावासों को आमंत्रित किया है। हालांकि, पाकिस्तान और बांग्लादेश के दूतावासों को निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

मेहमानों की सूची में भाजपा के पारंपरिक हलकों से इतर नेता भी शामिल हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अपना दल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जदयू नेता केसी त्यागी और संजय झा, तथा टीडीपी के केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू शामिल हैं। कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। संघ ने अल्पसंख्यक समुदायों, जैसे मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों और बौद्धों से भी संपर्क किया है और उन्हें आमंत्रित किया है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि हमने कांग्रेस सहित हर राजनीतिक दल के नेताओं को आमंत्रित किया है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रमों के साथ-साथ भागवत शताब्दी समारोह के तहत प्रमुख भारतीय शहरों में चार व्याख्यानों की श्रृंखला है। नवंबर में बेंगलुरु, फिर कोलकाता और फरवरी में मुंबई में ये व्याख्यान आयोजित होने है।

## कपिल ने कसा तंज कहा- बस इतना बता दीजिए साहब.. धनखड़ अस्पताल में हैं या योग कर रहे?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तंज कसा है। उन्होंने चुटीले अंदाज में पूछा है कि साहब ज्यादा कुछ नहींज्बस इतना बता दीजिए कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कहां है। वे किसी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं या फिर कहीं योगा कर रहे हैं। सिब्बल ने इस बारे में सोशल मीडिया पर लापता धनखड़ शीर्षक दे अमित शाह से सवाल पूछे हैं। सिब्बल ने लिखा है, लापता धनखड़ज अमित शाह जी- मुझे मालूम है कि आप असत्य से दूर रहते हैं। हमें इतना तो बता दीजिए कि धनखड़ जी क्या- हॉस्पिटल में हैं या फिर योग कर रहे हैं? या फिरटेबल टेनिस खेल रहे हैं?



हाल ही में अमित शाह ने जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर खुलकर बात की थी और कहा था कि उन्होंने अपने स्वास्थ्य के चलते उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था और इसमें किसी को कुछ खोजने की जरूरत नहीं है। लगे हाथ शाह ने कहा था कि संवैधानिक पद पर रहते हुए धनखड़ जी ने अच्छा काम किया था। बता दें कि धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उपराष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को समाप्त होना था। अब उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए नौ सितंबर को चुनाव होने हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उनके खिलाफ मैदान में उतारा है।

कछ दिनों पहले ऐसी खबर आई थी कि पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ अपने परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं और टेबल टेनिस खेल रहे हैं। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब उन्होंने शौकिया टेबल टेनिस खेलना शुरू किया था। धनखड़ की दिनचर्या से वाकिफ लोगों ने बताया कि वह नियमित रूप से योग अभ्यास करते हैं और उपराष्ट्रपति एनक्लेव में अपने शुभचिंतकों व स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति की दिनचर्या से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, यहां तक ??कि यात्रा से लौटने के बाद भी वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते थे।

## चीन के सबसे बड़े बांध निर्माण के बाद एक्शन में भारत... अरुणाचल प्रदेश में डैम बनाने की तैयारी में

### -विरोध कर रहे आदिवासियों को समझाने में जुटी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन द्वारा तिब्बत में एक विशाल बांध का निर्माण भारत के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है, इससे भारत सरकार को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होना पड़ा है। यह बांध यारलुंग जांगबो नदी पर बन रहा है, इस भारत में सियांग और ब्रह्मपुत्र के नाम से जाना जाता है। इस नदी का पानी भारत, चीन और बांग्लादेश में 10 करोड़ से भी ज़्यादा लोगों के जीवन का आधार है।

भारत को यह डर है कि चीन सूखे के मौसम में नदी के बहाव को 85 प्रतिशत तक कम कर सकता है। इससे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में पानी की भारी कमी हो सकती है, जिसका असर कृषि, उद्योगों और आम लोगों पर पड़ेगा। इतना ही नहीं चीन का यह बांध 40 अरब घन मीटर पानी रोक सकता है, जो सालाना पानी का एक तिहाई है। गैर-मानसून महीनों में यह कमी और भी गंभीर होगी। वहीं, अचानक पानी छोड़े जाने से भारत के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा। चीन इस बांध के माध्यम से नदी के पानी पर नियंत्रण कर सकता है, जिससे भारत पर दबाव बनाने की उसकी क्षमता बढ़ जाएगी। यह भारत के लिए एक रणनीतिक खतरा है।

#### भारत की जवाबी रणनीति

इस खतरे से निपटने के लिए भारत ने अरुणाचल प्रदेश में अपर सियांग मल्टीपर्पस स्टोरेज डैम का निर्माण तेज़ी से करने की योजना बनाई है। इस डैम की क्षमता 14 अरब घन मीटर होगी और यह चीन के डैम के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। यह डैम सूखे के मौसम में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित कर सकता है, जिससे गुवाहाटी जैसे बड़े शहरों को पानी की कमी से बचाया जा सकेगा। यह डैम चीन द्वारा अचानक छोड़े गए पानी को रोककर बाढ़ के खतरे को कम कर सकता है। भारत अपने डैम का 30 प्रतिशत हिस्सा खाली रखने पर विचार कर रहा है ताकि आपातकालीन स्थिति में पानी को संभाला जा सके। भारत सरकार इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर एक बैठक की थी। लेकिन इस रास्ते में कुछ बड़ी चुनौतियाँ भी हैं।

दरअसल अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय आदि समुदाय इस डैम का कड़ा विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इस डैम के जलाशय में करीब 16 गाँव डूब जाएँगे, जिससे करीब 10,000 लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे है। कुछ विशेषज्ञों को आशंका है कि इस इलाके में पानी का विशाल भंडारण भूकंप का कारण बन सकता है, जिससे बाढ़ की वजह से बड़ी तबाही हो सकती है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडु इस डैम का समर्थन करते हैं और चीन के खतरे के खिलाफ एक ज़रूरी कदम मानते हैं। मोदी सरकार ने प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजे की बातचीत भी शुरू कर दी है, लेकिन स्थानीय लोगों का




विरोध अभी भी एक बड़ी बाधा बना हुआ है।

## दमण के सार्वजनिक विद्यालय में माछी समाज के कुलगुरू महंत गोपालदास महाराज का हुआ आगमन

■ सार्वजनिक विद्यालय की साइनिंग स्टार प्री और प्रायमरी स्कूल में गणेश उत्सव के लिए भगवान गणेश हुए विराजमान







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त। दमण के सार्वजनिक विद्यालय में माछी महाजन मंडल के 450 वर्ष पुराने गादीपति श्री गोपालदास महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ उनके अच्छे भविष्य की चर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सत्य गुरूदेव की जय का जयघोष किया। साथ ही सार्वजनिक विद्यालय की साइनिंग स्टार प्री और प्रायमरी स्कूल में गणेश उत्सव के लिए भगवान गणेश प्रतिमा विराजमान की गई है। इस दौरान गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में विद्यार्थी भी गणपति के स्वरुप में सजे नजर आये। इस अवसर पर सार्वजनिक विद्यालय संस्था के चेयरमैन जिग्नेश जोगी, वाइस चेयरमैन विवेक भाठेला, सेक्रेटरी रुद्रेश टंडेल, पूर्व चेयरमैन जोगी टंडेल, कोषाध्यक्ष दिलीप टंडेल, नितीन टंडेल सहित की उपस्थिति रही।

## सरकारी हाईस्कूल पटलारा में कानूनी जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण-दीव के एड-हॉक मेंबर सेक्रेटरी श्री राजेश एस. तिवारी के मार्गदर्शन में दमण कोर्ट द्वारा मोटी दमण के पटलारा स्थित सरकारी हाईस्कूल में 26 अगस्त को कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण और एडवोकेट बार एसोसिएशन के सहयोग से आज सुबह 10 बजे से आयोजित कानूनी जागरुकता कार्यक्रम में वकील स्मीता गोहिल ने पोस्को अधिनियम के लिए साक्षरता शिविर की जानकारी दी। वकील मयंक पटेल ने सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं और केन्द्रीय, राज्य, संघ प्रशासन की योजनाओं की जानकारी और वकील मानसी परमार ने यातायात नियमों और साइबर अपराधों के लिए कानूनी जागरुकता पर जानकारी दिया। वकील सुशील चौहाण ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सरकारी हाईस्कूल पटलारा के बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## दादरा नगर हवेली में स्वच्छताग्रही सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 26 अगस्त। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के प्रशासक प्रफुल पटेल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दानह जिला पंचायत द्वारा रखोली ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में स्वच्छताग्रहियों एवं ग्राम पंचायत कर्मचारियों के लिए स्वच्छताग्रही सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दानह जिला पंचायत अध्यक्ष दामजी कुराडा, उपाध्यक्ष वंदना पटेल, सीईओ अरुण गुप्ता, विकास एवं आयोजन अधिकारी पंकजसिंह परमार, सभी जिला पंचायत सदस्यगण, सभी सरपंचगण, सभी वॉर्ड सदस्यगण, ग्राम पंचायतों के पंचायत मंत्री तथा जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी एवं स्वच्छताग्रही उपस्थित रहे। रखोली ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में स्वच्छता एवं दादरा नगर हवेली में सफलतापूर्वक पूर्ण किये गए एवं नए चल रहे कार्य पर एक लघु वीडियो प्रदर्शित किया गया। नाटक बाज कलाकारों द्वारा स्वच्छता एवं स्वस्थ पर एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। दादरा नगर हवेली के सभी ग्राम पंचायत के स्वच्छताग्रही तथा सफाई मित्र एवं पंचायतों में कार्यरत कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिला पंचायत ने दादरा नगर हवेली के सभी ग्राम पंचायतों में काम करने वाले सभी कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्रों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 436 रुपये बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना 20 रुपये का बीमा करा कर उन्हें समर्पित किया गया एवं उनके जीवन को सुरक्षा प्रदान की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि स्वच्छताग्रहियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया जाए तथा उनके मनोबल को और अधिक सुद्दढ़ एवं ऊँचा किया जाए, ताकि वे भविष्य में भी स्वच्छता के प्रति इसी समर्पण और उत्साह के साथ कार्य करते रहें।

## भारतीय तटरक्षक वायु स्टेशन दमण द्वारा डीसीसी पासिंग आउट परेड का आयोजन






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त। भारतीय तटरक्षक वायु स्टेशन दमण में 10वें डॉर्नियर कन्वर्जन कोर्स के आठ अधिकारियों के स्नातक होने के उपलक्ष्य में एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को प्रतिष्ठित एविएटर्स विंग्स प्रदान किए गए, जो कठोर उड़ान प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है। परेड की समीक्षा पश्चिमी तटरक्षक क्षेत्र के कमांडर, पीटीएम, तटरक्षक पदक टीएम से सम्मानित महानिरीक्षक भीष्म शर्मा ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने नव-प्रशिक्षित पायलटों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए तटरक्षक विमानन शाखा में उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति तत्परता की सराहना की। उन्होंने परिवारजनों के योगदान और प्रोत्साहन को भी विशेष रूप से उल्लेखित किया। अब ये स्नातक अधिकारी समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव कार्यों तथा भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजी) की सुरक्षा जैसे तटरक्षक बल के मूल दायित्वों हेतु उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। पासिंग आउट परेड उनके इस संक्रमण का प्रतीक है, जिसमें वे पूर्ण प्रशिक्षित पायलट के रूप में साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ सेवा के लिए तैयार हैं। इस समारोह में अधिकारियों के गर्वित अभिभावकों, गणमान्य व्यक्तियों तथा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। यह अवसर सामूहिक उपलब्धि की भावना तथा युवा अधिकारियों की सफलता में परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। इस सफल पासिंग आउट से भारतीय तटरक्षक की इस प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि होती है कि वह सदैव उच्च प्रशिक्षित एवं प्रेरित अधिकारियों के साथ अपनी विमानन क्षमता को और सशक्त बनाएगा तथा राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## दीव पुलिस विभाग ने फ्लैग मार्च का किया आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 26 अगस्त। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव तथा लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल पटेल के द्दष्टिकोण से दीव को पर्यटन-अनुकूल, सुरक्षित और संरक्षित स्थल बनाने तथा त्यौहारों के शांतिपूर्ण आयोजन, भीड़ नियंत्रण और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए पुलिस की तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीव पुलिस विभाग ने आज पुलिस अधीक्षक दीव और उप-मंडल पुलिस अधिकारी दीव की कड़ी निगरानी में दीव में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करना और साथ ही शहर में शांति और सद्भाव बनाए रखना था। पुलिस विभाग, भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबीएन) और होमगार्ड के जवानों ने इस मार्च में सक्रिय रूप से भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना और सामुदायिक विश्वास को मजबूत करना था। इसने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल की तत्परता को भी प्रदर्शित किया। यह मार्च तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया गया। जिसमें दीव पुलिस स्टेशन घोघला से पंचायत चौक तक, करवा मस्जिद से कलेक्टर कार्यालय तक और आजाद चौक वणाकबारा से एसबीआई बैंक तक, जो दीव और वणाकबारा के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों और बाजारों से होकर गुजरा। दीव पुलिस विभाग दीव के सभी निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दानह पुलिस ने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के विरुद्ध की कार्रवाई, 34 वाहन किये जप्त

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 26 अगस्त। दानह पुलिल को नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और किशोरों द्वारा हंगामा करने के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और किशोरों द्वारा हंगामा करने के विरुद्ध कार्रवाई की गई। लायंस स्कूल, सिलवासा सायली रोड पर 25/08/2025 को डीएनएच पुलिस द्वारा 34 वाहन जप्त किए गए। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों को लागू करने के एक सक्रिय प्रयास के तहत, डीएनएच पुलिस विभाग ने आज लायंस स्कूल, सिलवासा सायली रोड पर बिना वैध लाइसेंस के नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की घटनाओं के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की। नियमित निरीक्षण के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने पाया कि कई छात्र बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के दोपहिया और अन्य मोटर वाहन चला रहे थे, जो मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का सीधा उल्लंघन था। इस कार्रवाई के तहत 34 वाहन जप्त किए गए और यातायात दिशानिर्देशों के उल्लंघन और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से संबंधित कई चालान किए गए। प्रवर्तन कार्रवाई के तहत नाबालिग छात्रों द्वारा चलाए जा रहे वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया गया। वाहन स्वामियों, मुख्यतः माता-पिता/अभिभावकों, के कुल 12 चालान जारी किए गए। 25/08/2025 को चालान के माध्यम से मौके पर ही कुल 48,500 रुपये वसूल किए गए। नाबालिगों को मोटर वाहन चलाने की अनुमति देने के लिए मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है। स्कूल अधिकारियों को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है और छात्रों तथा अभिभावकों के लिए जागरूकता एवं परामर्श सत्रों के लिए संयुक्त प्रयासों की योजना बनाई जा रही है। शामिल नाबालिग छात्रों को किशोर परामर्श के लिए भेजा जाएगा और कड़ी चेतावनी दी जाएगी। जो किशोर हंगामा कर रहे थे और अपनी और दूसरों की जान को खतरे में डाल रहे थे, उन्हें फटकार लगाई गई और उनके अभिभावकों को भी इस बारे में जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं है, यह जीवन के लिए खतरा है और सड़कों पर उपद्रव पैदा करता है। पुलिस विभाग डीएनएच सभी अभिभावकों और स्कूलों से इस मामले को गंभीरता से लेने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता है कि नाबालिगों को मोटर वाहनों तक पहुँच न हो। ऐसी घटनाओं से बचने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर अंकुश लगाने के लिए डीएनएच पुलिस विभाग द्वारा सभी स्कूलों को एक एडवाइजरी नोट जारी किया गया है, जिसमें निर्देश दिया गया है कि वे अपनी उम्र से कम उम्र के वाहन चलाने वाले छात्रों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करें और नियमित रूप से पुलिस को सूचित करें। भविष्य में इस तरह के उल्लंघनों को रोकने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के आसपास और जाँच जारी रहेगी।

# गणेश हैं विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता एवं जीवंत राष्ट्रीयता के प्रतीक



ललित गर्ग

> भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी 'आरंभ के देवता' हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में 'मार्गदर्शक' बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें 'सर्वोपास्य' देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था।

भारतीय संस्कृति और धर्मजगत में गणेशजी का स्थान अद्वितीय है। वे विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निमार्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत उनके पूजन के बिना अधूरी मानी जाती है। उनके स्वरूप में ही गहन प्रतीकात्मकता निहित है, हाथी का विशाल मस्तक विवेक और दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख संयमित वाणी का द्योतक है, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की शिक्षा देते हैं, छोटा नेत्र गहराई से देखने की प्रेरणा देता है और विशाल उदर सहिष्णुता व समावेशिता का बोध कराता है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है।

भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी 'आरंभ के देवता' हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में 'मार्गदर्शक' बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें 'सर्वोपास्य' देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। गणेश जी का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इससे गणेश चतुर्थी केवल पारिवारिक पर्व न रहकर जनजागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई। तिलक ने इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में स्थापित किया, जिसने भारत को स्वतंत्रता संग्राम के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। आज के समय में जब समाज विभिन्न मत-मतांतरों, भाषाओं और संस्कृतियों में बंटा दिखाई देता है, तब गणेशजी पुनः राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बनकर सामने आते हैं। उनका स्वरूप हमें विविधता में एकता, सहिष्णुता, धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की प्रेरणा देता है। गणेश जी हमें बताते हैं कि बुद्धि और करुणा का समन्वय ही प्रगति का मार्ग है। आज जब विश्व हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब गणेश चतुर्थी का पर्व हमें समन्वय और सहयोग का संदेश देता है। वे केवल धार्मिक आस्था के देवता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और राष्ट्रीय एकता के जीवंत प्रतीक हैं।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है। इसलिए गणेश चतुर्थी मनाना केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने का संकल्प है।

## संपादकीय

### प्रकृति का रौद्र रूप

देश में हो रही जबरदस्त बरसात के कारण जन-जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त है। जम्मू-कश्मीर में बाढ़ को देखते हुए हाई एलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल में दो राष्ट्रमार्गों समेत तकरीबन चार सौ सड़कों को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है। राजस्थान के कई इलाकों में जलभराव के चलते हालात बेकाबू हैं। मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक मध्यम से तीव्र बारिश के अतिरिक्त बादल फटने, बाढ़ व भुस्खलन का पूवार्नुमान लगाया है। खासकर हिमाचल, उत्तराखंड़ व जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, वज्रपात व भूस्खलन की चेतावनी है। दिल्ली-एनसीआर से लेकर हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड़, उप्र के कई इलाकों व बिहार में तेज हवाओं के साथ भारी बरसात की संभावनाएं जताई जा रही हैं। मुसलाधार बारिश के कारण हो रहे जल-भराव, भवनों के ध्वस्त होने व आवाजाही अवरुद्ध होने के चलते जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित है। कई इलाकों में गांव के गांव बह गए हैं या डूब चुके हैं। ऐसे में लोग जीवन के संकट से ही नहीं जूझ रहे हैं बल्कि जान-माल की हानि के अतिरिक्त खाने-पीने की चीजों का आभाव व सेहत संबंधी दिक्कतों का कोई छोर नहीं रहा। बरसाती मिट्टी/गाद जमा होने से सड़कें अवरुद्ध हैं। घर/मकान जमींदोज हो चुके हैं, बिजली व पेय-जल संकट पर तो चर्चा भी नहीं होती। रोजगार बुरी तरह ठप पड़े.हैं। उपज व पशुधन का भारी नुकसान हुआ है। देश में पश्चिम से लेकर उत्तर तक बाढ़-बरसात की तबाही की जो तस्वीरें उपलब्ध हैं, उन्हें सिर्फ झलक माना जा सकता है। क्योंकि पुलों व राजमार्गों के अवरुद्ध होने से आवा-जाही संभव नहीं रही। अधाधुंध कटाव, निर्माण व आधुनिकीकरण भी इस तबाही का जिम्मेदार है। मुंबई/दिल्ली, बंगलुरु/कोलकाता जैसे महानगरों से बरसात के दरम्यान आने वाली तस्वीरों के आधार पर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभिन्न इलाकों में बाढ़-बारिश ने क्या तबाही मचाई होगी। प्राकृतिक आपदाएं प्रतिवर्ष अपने निश्चित समय पर आती हैं, उनसे निपटने की तैयारी करने में सरकारी तंत्र बुरी तरह चूक जाता है। जिस तरह आपदाओं की चपेट में आने वाले पीड़ितों के लिए मुआवजा राशि का ऐलान होता है, उसे बरसात से पहले ही उचित रूप से उपयोग किया जाए तो स्थिति इतनी भीषण न हो। निःसंदेह कुछ आपदाओं का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, मगर नीयत में खोट न हो तो ऐहितियात बरत कर आधे से ज्यादा पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराई जा सकती है।

## चिंतन-मनन

### कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- ह्यरामायण और महाभारत में क्या अंतर है?ह्ल विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- ह्यआप ही बताइएह्ल अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है ह्यहक-हकूकह्ल का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था।

महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है।

वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

# चीन की मोनोपोली को मोदी की खुली चुनौती, रेयर अर्थ मामले में भारत जल्द बनेगा आत्मनिर्भर



नीरज कुमार दुबे





आज की दुनिया में रेयर अर्थ मैग्नेट्स और क्रिटिकल मिनरल्स (जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल) बिना इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर और बैटरी इंडस्ट्री की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अब तक इन संसाधनों पर चीन का जबर्दस्त वर्चस्व रहा है। मोदी सरकार ने National Critical Mineral Mission की शुरूआत कर भारत में क्रिटिकल मिनरल्स की जरूरत को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस मिशन के तहत भारत के विभिन्न हिस्सों में खोज अभियान चलाकर घरेलू खनिज क्षमता बढ़ाई जा रही है। लक्ष्य यह है कि भारत को rare earth supply chainsके लिए आत्मनिर्भर बनाया जाए और विदेशी दबाव कम हो। यह कदम सीधा चीन की rare earth monopoly को चुनौती देता है, क्योंकि अब भारत खुद अपनी सप्लाई लाइन तैयार करेगा।

हम आपको बता दें कि मोदी के नेतृत्व में Make in India केवल नारा नहीं, बल्कि वैश्विक उद्योग रणनीति बन चुकी है। Maruti Suzuki की e-Vitara का शुभारंभ भारत को वैश्विक ईवी एक्सपोर्ट हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। अब भारत से बनी ईवी 100 देशों में, जापान और यूरोप जैसे बाजारों तक निर्यात होंगी। हम आपको बता दें कि गुजरात के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड और लिथियम-आयन प्लांट का शुभारंभ हुआ है, जिससे बैटरी इकोसिस्टम घरेलू स्तर पर मजबूत होगा। साथ ही, भारत में अगले 5-6 वर्षों में रू.70,000 करोड़ का निवेश आ रहा है, जो सीधे ईवी और बैटरी सेक्टर को टार्गेट करता है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर फैब्स और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी यह पूरी चेन भारत को चीन के विकल्प के रूप में स्थापित कर रही है।

हम आपको बता दें कि अब तक इलेक्ट्रिक वाहनों की सप्लाई चेन में चीन का लगभग 80% नियंत्रण था– खासकर रेयर अर्थ माइनिंग, प्रोसेसिंग और बैटरी निर्माण में। मोदी सरकार का National Critical Mineral Mission इस निर्भरता को तोड़ने का बड़ा कदम है। ईवी और बैटरी प्लांट्स का लोकलाइजेशन, सेमीकंडक्टर उत्पादन और क्रिटिकल मिनरल्स की खोज भारत को स्ट्रैटेजिक स्वतंत्रता देगा। इससे अमेरिका, जापान और यूरोप जैसे देशों को भी भारत एक विश्वसनीय सप्लायर दिखाई देगा।

Maruti Suzuki की e-Vitara का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा– “Make in India, Make for the World?” प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत सरकार को यह भी पता है कि ऑटो उद्योग के लिए रेयर अर्थ मैंगनीज की कमी है। इस दिशा में उद्योग की क्षमता बढ़ाने के लिए हमने राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की भी शुरूआत की है। इसके तहत देश के अलग-अलग हिस्सों में और अधिक खोज अभियानों को अंजाम दिया जाएगा और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज की जाएगी।

हम आपको बता दें कि पिछले 10 वर्षों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 500% बढ़ा है साथ ही मोबाइल फोन में 2700% और रक्षा उत्पादन में 200% की वृद्धि हुई है। देखा जाये तो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, युवा डेमोग्राफी और स्किल्ड वर्कफोर्स निवेशकों के लिए Win-Win Situation बना रही है। आने वाले वर्षों में भारत ईवी, बैटरी और सेमीकंडक्टर का ग्लोबल हब बनने की ओर बढ़ रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि मोदी का यह अभियान केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक रणनीति भी है। रेयर अर्थ और ईवी सेक्टर में आत्मनिर्भरता हासिल करके भारत न सिर्फ चीन की मोनोपोली को तोड़ेगा, बल्कि आने वाले दशक में नई टेक्नॉलॉजी का वैश्विक केंद्र भी बनेगा।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# क्रिकेटः जबर्दस्त विरासत छोड़.गए पुजारा



मनोज चतुर्वेदी



चेतेश्वर पुजारा के जिस ड़िफेंस को दुनिया के दिग्गज गेंदबाज भेदने में असफल रहे, उसे भेदने में वक्त कामयाब हो गया और उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वह लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन पिछले दिनों रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें भी विश्वास हो गया कि अब वापसी संभव नहीं है और उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा कर दी। हालांककि उन्हें इस बात की खुशी रहेगी कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने के मामले में आठवें नंबर के खिलाड़ी के तौर पर रिटायर हुए हैं। उन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43 .60 के औसत से 7195 रन बनाए, जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल रहे।

यह सही है कि पुजारा के खेल में विराट जैसा आकर्षण नहीं था और ना ही वह ऋषभ पंत जैसे आक्रामक शॉट खेल सकते थे। पर वह विकेट पर लंगर ड़ालकर खेलने की क्षमता की वजह से भारतीय क्रिकेट के लंबे समय तक बहुत ही भरोसेमंद बल्लेबाज रहे। आंकड़ों के हिसाब से उनके समय के दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई पेस गेंदबाज हेज़लवुड़ की 44.3 प्रतिशत गेंदें उन्हें कोहनी के ऊपर लगीं और पैट कमिंस की 26.5 प्रतिशत गेंदें छाती पर लगीं पर कोई भी गेंदबाज उन्हें ड़िगा नहीं सका। मैजूदा भारतीय कोच गौतम गंभीर का यह कहना मायने रखता है,.जब तूफान आया तो वह ड़टे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रहीं थीं, तब उन्होंने जुझारूपन दिखाया।.वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा,.पुजारा आपकों नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते देखना हमेशा भरोसा देता था। आपकी मजबूत तकनीक, धैर्य और दबाव में संयम टीम के लिए स्तंभ रहे। पुजारा जबर्दस्त विरासत छोड़कर जा रहे हैं। उनके बाद के दौर में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भरमार है, तमाम आक्रामक खेल से रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। पर उन जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं दिखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत को पहली टेस्ट सीरीज जितने में जिस तरह का प्रदर्शन किया, वैसा प्रदर्शन कम ही देखने को मिलता है। इस 2018-19 की सीरीज में उन्होंने 1258 गेंदों का सामना करके 521 रन बनाए थे, जिसमें तीन शतक शामिल थे। इस सीरीज की खास बात यह थी कि उन्होंने जो गेंदें खाली छोड़ीं, उनमें से तीन चौथाई गेंदों ने शरीर पर प्रहार किया था। इस तरह का प्रदर्शन गावस्कर 1971 वेस्ट इंड़ीज के खिलाफ और शुभमन गिल 2025 में इंग्लैंड़ के खिलाफ कर सके हैं। पुजारा 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरो में टेस्ट कॅरियर की शुरूोआत करने के साथ ही अपने खेल से प्रभावित करने में सफल रहे, लेकिन इसके बाद भी उन्हें अगला टेस्ट खेलने के लिए अगस्त 2012 तक का इंतजार करना पड़ा। न्यूजीलैंड़ के खिलाफ हुई इस सीरीज के हैदराबाद में खेले गए टेस्ट में पहला शतक (159) बनाया। इसी साल इंग्लैंड़ के खिलाफ सीरीज में अपना दोहरा शतक जमाने में सफल हो गए, लेकिन एक समय ऐसा भी आया, जब यह माना जाने लगा कि पुजारा के खेल की चमक कम होने लगी है। इस कारण ही वेस्टइंड़ीज दौरे पर तीसरे टेस्ट के दौरान उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया। हालांकि पुजारा की यह खूबी रही है कि जब भी उनकी काबिलियत पर शक किया गया तो उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाकर चयनकताओं का मन मोह लिया है। पुजारा को अच्छा क्रिकेटर बनाने में पिता अरविंद की अहम भूमिका रही है। उन्होंने पुजारा के तीन साल की उम्र में प्लास्टिक के बल्ले से शॉट खेलते समय देखा कि उनकी निगाह आखिर तक गेंद पर जमी रहती है। इस पर खुद रणजी खिलाड़ी रहे पिता ने राजकोट स्थित अपनी कोठी में लगे नीम के पेड़. के नीचे उन्हें घंटों खिलाना शुरू कर दिया। वह जब आठ साल के हुए तो मां रीना ने बेटे के क्रिकेट प्रेम को देखते हुए, उनके लिए अपने गद्दे के पैड़ तैयार किए। उन्होंने 14 साल की उम्र तक पहुंचते बीसीसीआई टूनामेंट में तिहरा शतक जमाकर सभी को प्रभावित कर दिया। वह 18 साल की उम्र तक पहुंचते अंड़र-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज बन गए। सौराष्ट्र को सफल क्रिकेट राज्य बनाने में पुजारा की भूमिका अहम रही है। उन्होंने इस राज्य के लिए 278 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 51.82 के औसत से 21301 रन बनाए हैं, जिसमें तीन तिहरे शतकों सहित 66 शतक शामिल हैं। वह अभी भारत की इंग्लैंड़ के साथ हुई पिछली टेस्ट सीरीज के दौरान कमेंट्री करते भी दिखे। साथ ही वह पिता के साथ राजकोट में अकादमी भी चलाते हैं। पर उनसे कोचिंग की जिम्मेदारी संभालने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इससे इनकार किया। पुजारा के रिफलेक्सस में पिछले दो वर्षों में कमी आई है और इस कारण वह आखिरी कुछ मैचों में उम्मीदों के अनुरूप नहीं खेल सके। कहा जा रहा है कि उन्हें यदि पिछली इंग्लैंड़ सीरीज में भी चुना जाता तो वह पांचवें टेस्ट के दौरान संन्यास की घोषणा कर देते। वैसे भी टेस्ट टीम में नहीं चुने जाते के बाद इस बार पश्चिम क्षेत्र दलीप ट्रॉफी की टीम में नहीं चुनने पर यह साफ हो गया था कि वह संन्यास ले लेंगे क्योंकि वह आईपीएल में अब खेलते नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेसएक्स के स्टारशिप की लॉन्चिंग टली

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट की लॉन्चिंग टल गई है। लॉन्चिंग से करीब आधा घंटे पहले ही रॉकेट की लॉन्चिंग टाल दी गई। हालांकि आधिकारिक बयान जारी कर कंपनी ने लॉन्चिंग टालने की वजह का खुलासा नहीं किया है, लेकिन दावा किया जा रहा है कि ग्राउंड सिस्टम में अज्ञात तकनीकी दिक्कत के चलते लॉन्चिंग टाली गई है। स्पेसएक्स के इस रॉकेट की लॉन्चिंग इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल के समय में कंपनी के रॉकेट में धमाकों की घटनाएं हुई हैं।

### अमेरिका में पहली बार मिला इंसानी मांस खाने वाला परजीवी का मामला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पहली बार इंसानी मांस खाने वाले परजीवी का मामला सामने आया है। अमेरिका के मेरीलैंड के एक व्यक्ति के शरीर में इंसानी मांस खाने वाले परजीवी की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। यह परजीवी गर्म खून वाले जीवों के शरीर में पाए जाते हैं और इंसानी मांस को खाकर जिंदा रहते हैं। इस परजीवी के संक्रमण में धीरे-धीरे संक्रमित जगह से मांस खत्म होना शुरू हो जाता है और यह संक्रमण जानलेवा हो सकता है। जिस व्यक्ति में परजीवी की पुष्टि हुई है, उसने कुछ ग्वाटेमाला का दौरा किया था। यह परजीवी दक्षिणी मेक्सिको में बीते साल आपदा ला चुका है। अब अमेरिका में इसके मिलने से चिकित्सा जगत चिंतित है।

### उत्तर कोरिया ने दो नई मिसाइलों का किया परीक्षण

**प्योंगयांग, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया व अमेरिका के वार्षिक सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने हवाई हमलों को रोकने में सक्षम दो नई मिसाइलों का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन इस परीक्षण के दौरान मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि शनिवार को हुए परीक्षण ने दर्शाया कि ये मिसाइलें ड्रोन व क्रूज मिसाइल के हमलों से निपटने में सक्षम हैं। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है, जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यूंग शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं।

### मॉस्को शॉपिंग सेंटर में हुए धमाके में एक की मौत, तीन घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस की महानगरीय राजधानी मॉस्को की एक मशहूर वाणिज्यिक इमारत में रविवार को हुए धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। रूसी आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक,यह धमाका मध्य मॉस्को स्थित लुब्यंका स्क्वायर के सेंट्रल चिल्ड्रन स्टोर शॉपिंग मॉल की तीसरी मंजिल पर हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि धमाका एक गैस सिलिंडर में विस्फोट से हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ब्रिटेन में अपराधियों को यात्रा व पब में जाने की नहीं होगी इजाजत

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन सरकार की ओर से रविवार को घोषित नए दंड नियमों के तहत अपराधियों के पब जाने, संगीत समारोहों में शामिल होने व खेल स्पर्धाओं को देखने पर प्रतिबंध रहेगा। नए उपायों के तहत देश के न्यायाधीश अपराधियों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा सकेंगे तथा उन पर ड्राइविंग प्रतिबंध, यात्रा प्रतिबंध व निशिद्ध क्षेत्रों तक सीमित रहने जैसे प्रतिबंध भी लागू कर पाएंगे। ब्रिटेन के कानून मंत्रालय ने कहा कि इन बदलावों से सामुदायिक दंड को कठोर बनाया जाएगा, जिससे दोबारा अपराध करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### वेनेजुएला में 13 राजनीतिक बंदियों की रिहाई, विपक्ष ने बताया एक सकारात्मक कदम

**कैरेकस, एजेंसी।** वेनेजुएला में विपक्षी नेताओं और सामाजिक संगठनों ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार द्वारा पिछले साल के विवादित चुनावों के बाद किए गए दमन के तहत गिरफ्तार किए गए 13 लोगों को रिहा किया गया है। हालांकि सरकार की ओर से इन रिहाइयों की तुरंत पुष्टि नहीं की गई, लेकिन विपक्षी नेता हेनरिक कैप्रिलेस ने सोशल मीडिया पर इस कदम का स्वागत किया और इसे जेल में बंद लोगों के लिए एक आगे बढ़ने वाला कदम बताया। उन्होंने बताया कि 8 लोगों को पूरी तरह रिहा किया गया, जबकि 5 को घर में नजरबंद किया गया है ।कैप्रिलेस ने एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, आज कई परिवार अपने अपनों से फिर मिल पाए हैं। हम जानते हैं कि अभी भी बहुत से लोग बंद हैं, और हम उन्हें नहीं भूलेंगे। हम उनके लिए लड़ाई जारी रखेंगे। यह रिहाई उस चुनाव के एक साल बाद हुई है जिसे लेकर भारी विवाद हुआ था। जुलाई में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो की जीत घोषित की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती से जुड़े जरूरी दस्तावेज (एक्टास) साझा करने से इनकार कर दिया।

# हूतियों ने दागी नई किस्म की मिसाइल तो इजरायल ने मचा दी तबाही, यमन में 6 की मौत, 86 घायल

**काहिरा, एजेंसी।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजरायल पर एक नए किस्म की मिसाइल दागे जाने के बाद इजराइल ने रविवार को यमन की राजधानी सना पर जोरदार हमला बोला। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं और 86 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने आगे कहा कि उसने एक सैन्य स्थल पर हमला किया, जहाँ राष्ट्रपति भवन स्थित है, साथ ही दो बिजली संयंत्रों और एक ईंधन भंडारण स्थल पर भी हमले किए हैं।

इजराइली रक्षा बलों ने कहा है कि यह हमला इजरायल और उसके नागरिकों पर हूती आतंकवादी शासन द्वारा बार-बार किए जा रहे हमलों के जवाब में किया गया है। इजरायली वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार, इन हमलों में 10 से अधिक लड़ाकू विमानों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सबसे दूर का लक्ष्य इजरायल से लगभग 2,000 किलोमीटर (1,240 मील) की दूरी पर था।

### बड़े पैमाने पर तबाही

हूतियों द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने रविवार को देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया है कि



इजरायली हमलों में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है और जान-माल का नुकसान हुआ है। रॉयटर्स की खबर के अनुसार, ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा इजराइल पर क्लस्टर बम दागे जाने के कुछ ही दिन बाद इजराइल का यह हमला हुआ है।

हूती मीडिया कार्यालय ने बताया कि सना के बिजलीघर और गैस स्टेशन समेत कई इलाकों को निशाना बनाया गया। निवासियों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन के पास समेत कई इलाकों में धमाकों की तेज आवाज़ें सुनी गईं। विद्रोहियों के कब्जे वाले सना पर एक सप्ताह पहले किए गए हमले के वक्त इजरायल ने कहा था कि हमलों में ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया, जिसके बारे में माना जाता है कि इसका इस्तेमाल विद्रोहियों द्वारा किया जाता था।

### 22 महीनों से हूती दाग रहे मिसाइल

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने 22 महीनों से भी ज़्यादा समय से इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं तथा लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे गाज़ा पट्टी में युद्ध के बीच फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ये हमले कर रहे हैं। यह हमला हूती विद्रोहियों द्वारा शुक्रवार को इजरायल की ओर नई मिसाइलों के दागे जाने के दावे के बाद हुआ है, जिसमें देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इस हमले से इजरायल में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### क्लस्टर बम वाली मिसाइलें नए खतरे का संकेत

इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर दिया। इजराइली वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार रात यमन से इजराइल की ओर दागी गई क्लस्टर बम वाली मिसाइल एक नए ख़तरे का संकेत है। अधिकारी ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने 2023 में इजराइल की ओर रॉकेट दागना शुरू करने के बाद से पहली बार इजराइल पर क्लस्टर बम दागा है। अधिकारी ने बताया कि क्लस्टर बमों के इस्तेमाल से इजराइल के लिए उन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है।




## लंदन में भारतीय रेस्तरां में लगाई आग, खाना खा रहे पांच लोग झुलसे; संदिग्ध पिता-पुत्र गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** लंदन में स्थित एक भारतीय रेस्तरां में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना में रेस्तरां में खाना खा रहे पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि संदिग्धों ने पहले ग्राहकों की मौजूदगी में रेस्तरां के भीतर ज्वलनशील पदार्थ छिड़का और जब तक कोई कुछ समझ पाता, संदिग्ध आरोपियों ने आग लगा दी। जिससे रेस्तरां पलक झपकते ही आग की लपटों में घिर गया।

### क्या है मामला

मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि लंदन के इलफोर्ड इलाके में इंडियन एरोमा नामक एक भारतीय रेस्तरां हैं। शुक्रवार की रात इसमें आगजनी की गई। इस घटना में रेस्तरां में मौजूद तीन महिलाएं और दो पुरुष आग की चपेट में आकर जख्मी हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### संदिग्ध पिता-पुत्र गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में संदिग्ध पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। जिनमें से पिता की उम्र करीब 54 साल और बेटे की उम्र 15 साल है। पुलिस ने इस मामले में लोगों से भी जानकारी देने की अपील की है। घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात है। आगजनी में रेस्तरां को भारी नुकसान हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि नकाबपोश हमलावरों ने पहले रेस्तरां में ज्वलनशील पदार्थ गिराया। इस दौरान रेस्तरां में ग्राहक बैठे दिख रहे हैं। जैसे ही ग्राहक कुछ समझ पाते या वहां से निकल पाते आरोपियों ने आग लगा दी और पलक झपकते ही आग ने पूरे रेस्तरां को चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद लोग बाहर की तरफ भागे।

## फ्रांस में अमेरिकी राजदूत तलब, यहूदी विरोधी हिंसा रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने का लगाया था आरोप

### कुशनेर ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से अपील की कि वह नफरत फैलाने वाले अपराधों पर कानून को सख्ती से लागू करें और इस्राइल की आलोचना में तोड़ी नरमी दिखाएं



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस ने अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनेर को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया जब कुशनेर ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि फ्रांस यहूदी-विरोधी (एंटीसेमिटिक) हिंसा को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। रविवार को फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

चार्ल्स कुशनर यहूदी हैं और उनके बेटे की शादी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी से हुई है। उन्होंने यह खुला पत्र अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित किया। यह पत्र ऐसे समय में सामने आया है, जब फ्रांस, अमेरिका और इस्राइल के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद गहराते जा रहे हैं। पत्र में कुशनेर ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से अपील की कि वह नफरत फैलाने वाले अपराधों पर कानून को सख्ती से लागू करें और इस्राइल की आलोचना में तोड़ी नरमी दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस की तरफ से फलस्तीन को मान्यता देने जैसी बातों ने देश में यहूदी-विरोधी घटनाओं को बढ़ावा दिया है।

फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, फ्रांस ने अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनेर के उन आरोपों को देखा है, जो उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में यहूदी-विरोधी घटनाओं में बढ़ोतरी और फ्रांसीसी प्रशासन की ओर से कथित रूप से पर्याप्त कार्रवाई न करने को लेकर लगाए हैं।

मंत्रालय ने आगे कहा, राजदूत के ये आरोप अस्वीकार्य हैं। कुशनेर को सोमवार को हाजिर होना होगा। कुशनेर का यह पत्र तब आया जब कुछ दिन पहले इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी मैक्रों को एक पत्र लिखा था। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, उस पत्र में नेतन्याहू ने मैक्रों पर फलस्तीन को मान्यता देने की बात कहकर यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति मैक्रों गाजा में युद्ध और उसमें मारे जा रहे फलस्तीनी नागरिकों को लेकर इस्राइल की आलोचना करने वालों में सबसे आगे रहे हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रंप लगातार इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का समर्थन करते आए हैं।

कुशनेर ने अपने पत्र में लिखा, इस्राइल पर सार्वजनिक रूप से की जा रही सख्त टिप्पणियां और फलस्तीन को मान्यता देने जैसे इशारे चरमपंथियों को हौसला देते हैं, हिंसा को बढ़ाते हैं और फ्रांस में यहूदियों के जीवन को खतरे में डालते हैं। आज के समय में एंटी-जायोनिज्म, सीधे तौर पर एंटीसेमिटिज्म है।

एंटीसेमिटिज्म का मतलब यहूदियों के धर्म, जाति या संस्कृति के खिलाफ नफरत से है, जबकि एंटी-जायोनिज्म इस्राइल के राष्ट्र या उसके विचार के विरोध से जुड़ा होता है। चार्ल्स कुशनेर के बेटे जारेड कुशनेर की शादी डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप से हुई है, जिन्होंने शादी से पहले यहूदी धर्म अपना लिया था। उनके तीन बच्चे हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों पहले भी सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि एंटीसेमिटिज्म फ्रांस के मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने गाजा संघर्ष के दौरान यहूदी धार्मिक स्थलों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है।

## वेस्ट बैंक में इजरायली सेना का बुलडोजर ऑपरेशन, इजरायल क्यों उखाड़ रहा फिलिस्तीनी पहचान?

**वेस्ट बैंक, एजेंसी।** युद्ध की कहानियां तो आपने कई सुनी होंगी, जहां सेनाएं गोला-बारूद से हमला करती हैं। लेकिन इजरायली सेना वेस्ट बैंक में बुलडोजर लेकर जैतून के पेड़ उखाड़ रही है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, रविवार को वेस्ट बैंक के अल-मुगय्यिर गांव में इजरायली सेना की मौजूदगी में बुलडोजरों ने सैकड़ों जैतून के पेड़ नष्ट कर दिए। संयुक्त राष्ट्र ने भी पुष्टि की है कि क्षेत्र में अकाल जैसी स्थिति है, जहां लोग और बच्चे भूख से जूझ रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला? :** उखाड़े गए ज्यादातर पेड़ जैतून के थे, जो वेस्ट बैंक की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। ये पेड़ लंबे समय से फिलिस्तीनी किसानों और इजरायली बस्तियों के बीच तनाव का कारण रहे हैं। रामल्लाह के पास इस गांव के किसान अब्देलतीफ मोहम्मद अबू आलिया ने बताया कि 70 साल पुराने, एक हेक्टेयर में फैले जैतून के पेड़ों को झूठे बहानों के तहत उखाड़कर जमीन समतल कर दी



गई। स्थानीय लोग उखड़े पेड़ों को फिर से लगाने की कोशिश कर रहे हैं। एएफपी के फोटोग्राफरों ने गिरे हुए जैतून के पेड़ और पहाड़ियों पर चलते बुलडोजर देखे, जिनमें से एक पर इजरायली झंडा था और पास में सेना की गाड़ियां खड़ी थीं।

**जैतून का फिलिस्तीनी संस्कृति से रिश्ता :** जैतून के पेड़ फिलिस्तीन के इतिहास, संस्कृति और अर्थव्यवस्था से गहराई से जुड़े हैं। ये लचीलेपन, पैतृक भूमि से लगाव और कब्जे के खिलाफ प्रतिरोध के प्रतीक हैं। जैतून की खेती हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। सालाना फसल का समय उत्सव के साथ-साथ इजरायली प्रतिबंधों और हमलों के खिलाफ संघर्ष का भी दौर होता है। स्थानीय कृषि संघ के नेता घासन अबू आलिया का कहना है कि इजरायल का उद्देश्य क्षेत्र पर कब्जा और फिलिस्तीनियों को पलायन के लिए मजबूर करना है। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत है, यह पूरे वेस्ट बैंक में फैलेगा। बुलडोजर का काम गुरुवार से शुरू हुआ। एक फिलिस्तीनी एनजीओ के अनुसार, तीन दिनों में 14 लोग गिरफ्तार किए गए। इजरायली सेना ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को सेना ने बताया कि अल-मुगय्यिर से एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 16 अगस्त को फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने कहा कि उसी गांव में एक 18 वर्षीय युवक को इजरायली सेना ने गोली मार दी। सेना ने इसे पत्थरबाजी का जवाब बताया, लेकिन युवक की मौत से सीधा संबंध नहीं जोड़ा।

**हिंसा का बढ़ता दौर :** 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू होने से वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ी है। एएफपी के आंकड़ों के मुताबिक, तब से 971 फिलिस्तीनी (आतंकवादी और नागरिक) इजरायली सैनिकों या बस्ती वासियों द्वारा मारे गए, जबकि 36 इजरायली मारे गए। 1967 से इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 30 लाख फिलिस्तीनी और 5 लाख इजरायली रहते हैं, जिनकी बस्तियां अंतरराष्ट्रीय कानून में अवैध मानी जाती हैं।

## अदालत के एक आदेश के बाद ब्रिटेन में भी अप्रवासियों के मुद्दे पर हंगामा, समर्थक और विरोधी भिड़े

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में अदालत के एक आदेश से अप्रवासियों के मुद्दे पर हंगामा हो गया है। दरअसल अदालत ने लंदन उपनगर के एक होटल से शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया है। इस फैसले का विरोध शुरू हो गया तो कई लोग इसके समर्थन में आ गए। इससे हंगामा हो गया है और पुलिस को दोनों पक्षों को नियंत्रित करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका की तरह ब्रिटेन में भी अब अप्रवासियों का मुद्दा राजनीतिक टकराव की वजह बन रहा है। युद्धग्रस्त और गरीब देशों से भारी संख्या में ब्रिटेन में शरणार्थी पहुंच रहे हैं। इंग्लिश चैनल के जरिए अवैध नौकाओं में सवार होकर शरणार्थी ब्रिटेन पहुंच रहे हैं। साथ ही इन शरणार्थियों को सरकारी खर्च पर ठहराने के मुद्दे पर भी तनाव बढ़ रहा है। ब्रिटेन में सरकार शरणार्थियों की अपील पर फैसला होने तक उन्हें अपने खर्च पर ब्रिटेन में ठहराती है, इसके लिए अक्सर होटल्स में शरणार्थियों को ठहराया जाता है। शरण मांगने वालों की बढ़ती संख्या के चलते अब ब्रिटेन की सरकार पर दबाव पड़ रहा है, साथ ही शरणार्थियों का ब्रिटेन में विरोध भी शुरू हो गया है।

हालात से निपटने के लिए ब्रिटेन की सरकार ने शरणार्थियों की अपील पर सुनवाई तेज करने का फैसला किया है, ताकि सरकारी खर्च पर ब्रिटेन में रह रहे लोगों को वापस भेजा जा सके। इसके लिए बैकलॉग को भी खत्म किया जा रहा है। ताजा विवाद उस वक्त भड़का, जब एक होटल में रह रहे शरणार्थी ने 14 साल की बच्ची को जबरन किस करने की कोशिश की। आरोपी पर यौन शोषण का आरोप लगा है।

# वॉशिंगटन डीसी के बाद शिकागो हथियारों से लैस नेशनल गार्ड, डोनाल्ड ट्रंप का प्लान क्या है?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब इलिनोइस के शिकागो में सैन्य तैनाती की योजना बना रहे हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पेंटागन पिछले कुछ हफ्तों से शिकागो में सैन्य तैनाती की रणनीति पर काम कर रहा है। सितंबर तक शिकागो में एक हजार से अधिक नेशनल गार्ड जवान तैनात हो सकते हैं। ट्रंप ने 12 अगस्त को वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश दिया था, ताकि राजधानी में बिगड़ी कानून-व्यवस्था को सुधारा जा सके। यह फैसला अपराध, अवैध आप्रवासन और बेघरों पर कार्रवाई से जुड़ा है।

**हथियारों से लैस नेशनल गार्ड :** वॉशिंगटन डीसी में ट्रंप के आदेश पर गश्त कर रही कुछ नेशनल गार्ड इकाइयों ने हथियार ले जाना शुरू कर दिया है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ मिशनों में इकाइयां हैंडगन और राइफल्स से लैस होंगी। प्रवक्ता ने कहा कि हथियारबंद इकाइयों को प्रशिक्षित किया गया है और वे सख्त नियमों का पालन कर रही हैं। रविवार को एसोसिएटेड प्रेस के एक फोटोग्राफर ने यूनियन स्टेशन के बाहर साउथ कैरोलिना नेशनल गार्ड के जवानों को पिस्तौल के साथ देखा।

संयुक्त कार्य बल ने कहा कि रविवार से इकाइयों ने अपने सेवा हथियार ले जाने शुरू किए हैं। सैन्य नियमों के अनुसार, बल का उपयोग केवल अंतिम उपाय के रूप में और केवल मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति के खतरे में किया जाएगा। यह बल वॉशिंगटन के निवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि केवल विशिष्ट अभियानों में तैनात सैनिक हथियार ले जाएंगे, जैसे कि कानून प्रवर्तन की मौजूदगी स्थापित करने के लिए गश्त करने वाले सैनिक। परिवहन या प्रशासनिक कार्यों में लगे सैनिक संभवतः निहत्थे रहेंगे।

**अन्य शहरों में तैनाती की धमकी :** रविवार को ट्रंप ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में सैन्य तैनाती का विस्तार करने की धमकी दी, जिसमें शिकागो और न्यूयॉर्क शामिल हैं। वॉशिंगटन में हजारों नेशनल गार्ड और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारी सड़कों पर गश्त कर रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने छिटपुट विरोध प्रदर्शन किए हैं।

**बाल्टीमोर विवाद :** ट्रंप ने मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के साथ विवाद में बाल्टीमोर को धमकी दी। मूर ने ट्रंप की अपराध और बेघरों से निपटने के लिए संघीय शक्ति के उपयोग की आलोचना की थी और उन्हें मैरीलैंड आकर जन सुरक्षा पर चर्चा करने का न्योता दिया था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर



लिखा कि वेस मूर का क्राइम रिकॉर्ड बहुत खराब है। अगर उन्हें मदद चाहिए, जैसे लॉस एंजिल्स में गैविन न्यूसम को मिली, तो मैं सैनिक भेजूंगा और अपराध को जल्दी साफ कर दूंगा।

मूर ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को निमंत्रण इसलिए दिया क्योंकि वे बाल्टीमोर में अपराध दर में सुधार के बारे में अज्ञानता में रहना पसंद करते हैं। बाल्टीमोर में हिंसक अपराध दर में कमी आई है। 2023 में 200 हत्याएं दर्ज हुईं, जो पिछले साल से 24त्न और 2021 से 42त्न कम हैं। 2023-24 में हिंसक अपराध 8त्न और संपत्ति अपराध 20त्न कम हुए। मूर ने सीबीएस के फेस द नेशन पर कहा कि राष्ट्रपति मुझ पर बात करने में समय बिता रहे हैं, जबकि मैं उन लोगों की सेवा पर ध्यान दे रहा हूं जिनकी मैं सेवा करता हूं।

**वॉशिंगटन में विरोध :** वॉशिंगटन में जहां ट्रंप नेशनल गार्ड और संघीय अधिकारियों को तैनात कर रहे हैं, सप्ताहांत में शहर भर में विरोध प्रदर्शन हुए। कुछ इलाकों में सन्नाटा रहा, जबकि निवासी नेशनल गार्ड के छोटे समूहों के बीच से गुजरते दिखे। सोशल मीडिया पर गिरफ्तारियों और हिरासत के वीडियो वायरल हुए।

**शिकागो और न्यूयॉर्क पर नजर :** ट्रंप ने कहा कि शिकागो और न्यूयॉर्क उनके अगले लक्ष्य हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पेंटागन ने शिकागो में ऑपरेशन की तैयारी में हफ्तों बिताए हैं, जिसमें नेशनल गार्ड और संभवतः सक्रिय सैनिक शामिल होंगे। वाइट हाउस ने ट्रम्प की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि वे स्थानीय अपराध को निशाना बनाने के लिए सैन्य बलों का उपयोग बढ़ाना चाहते हैं। ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि शिकागो हमारा अगला कदम होगा, और फिर हम न्यूयॉर्क में मदद करेंगे।

**नस्लवाद और प्रोफाइलिंग के आरोप :** ट्रंप ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों को खतरनाक और गंदा बताया, जहां अश्वेत मेयर और बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक आबादी है। बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट और गवर्नर मूर अश्वेत हैं। डीसी और न्यूयॉर्क में भी अश्वेत मेयर हैं। 24 अगस्त 2025 को हावर्ड विश्वविद्यालय में रेव. अल शार्पटन ने कहा कि यह क्राइम के बारे में नहीं, बल्कि हमारी प्रोफाइलिंग के बारे में है। यह कट्टरता और नस्लवाद से भरा है। एक भी श्वेत मेयर को नामित नहीं किया गया। यह नागरिक अधिकारों और डीसी के राज्य दर्जे का मुद्दा है।

इलिनोइस के गवर्नर प्रित्जकर ने कहा कि शिकागो में नेशनल गार्ड की तैनाती के लिए कोई आपात स्थिति नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ट्रंप संकट पैदा करने, सैनिकों का राजनीतिकरण करने और परिवारों के दर्द से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। हम कानून का पालन करेंगे और इलिनोइसवासियों की रक्षा करेंगे।

शिकागो के मेयर जॉनसन ने कहा कि शहर को सैन्य कब्जे की जरूरत नहीं है और वे इसे रोकने के लिए मुकदमा करेंगे। उन्होंने एमएसएनबीसी पर कहा कि हम इस तानाशाह के सामने अपनी मानवता का बलिदान नहीं करेंगे। शिकागो का अत्याचार और मेहनतकश लोगों के हितों को कमजोर करने वालों के खिलाफ खड़े होने का लंबा इतिहास है।

# भारत पर बुधवार से लागू हो जाएगा 50 फीसदी टैरिफ, ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने भारत से आयातित कई वस्तुओं पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह नया टैरिफ 27 अगस्त को 12-01 बजे (ईएसटी) से लागू होगा। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि भारत रूस से तेल खरीदकर अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन युद्ध में मास्को को वित्तीय सहायता दे रहा है। यह 50 फीसदी टैरिफ, 1 अगस्त से पहले लगाए गए 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ में शामिल अतिरिक्त टैरिफ के साथ लागू होगा।

इसका टैरिफ का प्रभाव भारत के 87 अरब डॉलर यानी करीब 7.3 लाख करोड़ रुपए के अमेरिकी निर्यात पर पड़ सकता है, जिसमें कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रसायन और ऑटो पार्ट्स जैसे उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर्स और ऊर्जा संसाधन जैसी कुछ अहम श्रेणियों को इससे छूट दी गई है।

भारत सरकार ने अमेरिका के इस कदम को अन्यायपूर्ण बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों और राष्ट्रीय हितों के आधार पर रूस से तेल खरीद रहा है और अमेरिका ने पहले ही ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता के लिए इस दिशा में कदम उठाने की सलाह दी थी। भारत फिलहाल तुरंत जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय कूटनीतिक बातचीत और निर्यातकों को प्रोत्साहन देने जैसे उपायों पर विचार कर रहा है।

पीएम मोदी ने भी अमेरिकी टैरिफ से पहले स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था और निर्यातकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

अहमदाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम किसी भी आर्थिक दबाव के बावजूद अपने रास्ते पर चलते रहेंगे। आज आत्मनिर्भर भारत अभियान को गुजरात से नई ऊर्जा मिल रही है, जो पिछले दो दशकों की मेहनत का परिणाम है।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 87.63 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 87.56 पर बंद हुआ था।सकारात्मक घरेलू संकेतों के बीच गत दिव स सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 87.34 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.38 पर खुला और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 87.34 प्रति डॉलर पर आ गया। यह शुक्रवार के बंद भाव 87.52 से 18 पैसे की मजबूती दिखाता है। इस मजबूती का प्रमुख कारण घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 285.62 अंकों की बढ़त के साथ 81,592.47 पर पहुंचा, जबकि एनएसई निफ्टी 91.25 अंकों की तेजी के साथ 24,961.35 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर सूचकांक भी 0.15 फीसदी बढ़कर 97.86 पर आ गया, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाता है। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखी गई। ब्रेंट क्रूड 0.10 फीसदी चढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



## गणेशोत्सव के अवसर पर देश भर में बैंक बंद रहेंगे, आज शेयर बाजार भी बंद रहेगा

**मुंबई।** मुंबई समेत देश भर में आज से गणेशोत्सव शुरू जाएगा। मुंबई और इसके आस-पास में रहने वाले लाखों कोंकणवासी गणेशोत्सव के लिए अपने-अपने गांवों के लिए रवाना हो चुके हैं। गणपति उत्सव के अवसर पर कई जगहों पर छुट्टियों की घोषणा की गई है। गणेशोत्सव के दौरान बैंकों में भी छुट्टियां रहती हैं। इसलिए अगर आपको इस दौरान बैंक में कोई काम है, तो छुट्टियों की सूची पहले ही देख लें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अगस्त महीने के आखिरी हफ्ते की छुट्टियों की सूची घोषित की है। इसमें 25 से 31 अगस्त तक कई दिन बैंक बंद रहेंगे। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग त्योहार हैं। इसके साथ ही वीकेंड की छुट्टी भी रहेगी। आईये जानते हैं त्यौहारों पर कितने दिन बंद रहेंगे बैंक-

* 27 अगस्त (बुधवार)- गणेशोत्सव के अवसर पर 27 अगस्त को कई राज्यों में छुट्टियां रहेंगी। अहमदाबाद, बेलापुर, मुंबई और नागपुर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, पणजी, विजयवाड़ा बंद रहेंगे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भी छुट्टियां रहेंगी।

* 28 अगस्त- भुवनेश्वर (ओडिशा) और पणजी में बैंक बंद रहेंगे।

* 31 अगस्त (रविवार)- वीकेंड छुट्टी के मद्देनजर रविवार को सभी बैंक बंद रहेंगे।

- आज शेयर बाजार भी बंद रहेगा

शेयर बाजार भी आज बंद रहेगा। आज दिनांक 27 अगस्त को बीएसई और एनएसई बंद रहेंगे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शेयर बाजार में भी छुट्टियां रहेंगी। इस दिन बैंक बंद रहेंगे। लेकिन एटीएम कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम, यूपीआई सुविधाएं खुली रहेंगी।

## विक्रम सोलर आईपीओ प्रीमियम पर हुए लिस्टिंग, निवेशकों से मिला जोरदार रिस्पांस

**नई दिल्ली।** विक्रम सोलर आईपीओ के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद प्रीमियम पर लिस्ट हो गए हैं। विक्रम सोलर के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 338 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए। यह 332 रुपए प्रति शेयर के प्राइस बैंड के मुकाबले 6 रुपए या 1.8 फीसदी ज्यादा है। बीएसई पर विक्रम सोलर आईपीओ के शेयर 340 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हो गए हैं। यह प्राइस बैंड के मुकाबले 8 रुपए या 2.4 फीसदी का प्रीमियम दर्शाता है। आईपीओ की लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों से थोड़ी कम रही। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 367 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। यह इश्यू प्राइस से 35 रुपए या 11.14 फीसदी का ग्रे मार्केट प्रीमियम दर्शाता है। विक्रम सोलर के 2,079 करोड़ रुपए के पब्लिक ऑफर को निवेशकों से जोरदार रिस्पांस मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक इश्यू को करीब 143 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 849 , निफ्टी 255 अंक गिरा

**मुम्बई ।** अमेरिका के टैरिफ लगाने की आधिकारिक घोषणा के बाद पड़े दबाव से भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक नीचे आकर 80,786.54 पर बंद हुआ। जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.70 अंक नीचे आकर 24,712.05 पर बंद हुआ। आज एफएमसीजी को छोड़कर सभी क्षेत्रों में गिरावट रही। धातु , रियल्टी ओर फार्मा व पीएसयू कंपनियों के शेयर सबसे अधिक गिरे।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर गिरे जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,466.24 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।




इससे भी बाजार पर दबाव आया। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 200 से अधिक अंक की गिरावट के साथ ही 81,377.39 पर खुला। खुलते ही इसमें बिकवाली गहरा गई। सुबह यह 534.30 अंक या 0.65 फीसदी की गिरावट लेकर 81,101.61 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गिरावट के साथ ही 24,899 पर खुला। खुलते ही इंडेक्स में बिकवाली होने से ये नीचे आने लगा। सुबह यह 180 अंक या 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ 24,787 पर कारोबार कर रहा था। मिडकैप और स्मालकैप शेयरों में भी गिरावट रही। निवेशकों का ध्यान आज अमेरिका की तरफ से जारी नोटिस पर रहा। अमेरिका ने भारत से आयात पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाने की आधिकारिक घोषणा की है। यह नया टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। यह 50 फीसदी टैरिफ, 1 अगस्त से पहले लगाए गए 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ में शामिल अतिरिक्त शुल्क के साथ लागू होगा। एशिया के ज़्यादातर इक्विटी बेंचमार्क डॉलर के साथ-साथ गिरे। एशिया पैसिफिक में 0.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसकी वजह जापान का निक्केई 1.09 फीसदी की गिरावट और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.86 फीसदी की गिरावट आई।हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार भी गिरा।

## टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव का लाभ मिलेगा कार खरीदने वालों को



**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव की घोषणा की है। इस फैसले का सीधा फायदा ग्राहकों को मिलेगा। केंद्र सरकार की इस घोषणा से छोटी कारें अब 1 लाख रुपये तक सस्ती हो जाएंगी, वहीं एसयूवी और सेडान पर भी कीमतों में कमी देखने को मिलेगी। जानकारी के मुताबिक, यह राहत नई टैक्स पॉलिसी और प्रोडक्शन कॉस्ट कम होने के चलते मिल रही है। ऑटोमोबाइल कंपनियों का कहना है कि टैक्स घटने से छोटे हैचबैक मॉडल्स पर 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का फायदा उपभोक्ताओं को होगा। वहीं मिड-सेगमेंट सेडान और पॉपुलर एसयूवी कारों की कीमत भी 80 हजार रुपये तक कम हो सकती है। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी कंपनियां जल्द ही नई कीमतों की घोषणा कर सकती हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि कीमतों में इस गिरावट से त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री में तेजी आएगी। बीते कुछ समय से महंगाई और बढ़ती ब्याज दरों के कारण कारों की डिमांड धीमी पड़ी थी, ऐसे में यह राहत ग्राहकों के साथ-साथ कंपनियों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। ऑटोमोबाइल डीलरों का कहना है कि छोटे शहरों और कस्बों में ग्राहकों का सबसे ज्यादा रुझान छोटी कारों की ओर होता है। ऐसे में 1 लाख रुपये तक की कीमत घटने से पहली बार कार खरीदने वालों की संख्या में इजाफा होगा। वहीं एसयूवी और सेडान की कीमतें घटने से मिडिल क्लास खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी।

# आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड ने विदेशी निवेशकों के लिए डेडिटेकेट ब्रांच खोली

### यह फंड ग्लोबल पूंजी और भारत में निवेश के अवसरों के बीच सेतु का काम करेगा

**नई दिल्ली।**

विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में जमकर निवेश करते हैं और कुछ म्यूचुअल फंड में भी उनका निवेश बढ़ रहा है, लेकिन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने विदेशी निवेशकों के लिए पहली बार एक डेडिटेकेट ब्रांच खोली है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने विदेशी निवेशकों के लिए भारत केंद्रित फंड की घोषणा की है। फंड हाउस ने गिफ्ट सिटी में इसके लिए नया ऑफिस भी खोला गया है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेस सेंटर, गिफ्ट सिटी, गुजरात आईएफएससी शाखा में अपनी भी एक शाखा खोली है। आईएफएससी शाखा ने आईएफएससीए के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के तहत पंजीकरण कराया है। यह शाखा निधि प्रबंधन इकाई (खुदरा) के रूप में पंजीकरण हासिल कर सर्विस उपलब्ध कराएगी। फंड हाउस ने बताया कि आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड की नई ब्रांच से फंड स्कीम की रिटेल योजनाओं और एक्से सचेंज ट्रेडेड फंड यानी ईटीएफ के तहत संपत्ति का मैनेजमेंट किया जा सकेगा। यह फंड ग्लोबल पूंजी और भारत में निवेश के अवसरों के बीच एक ब्रिज का काम करेगा। इसकी मदद से विदेशी निवेश को भारतीय फंड बाजार में आकर्षित किया जा सकेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड हाउस का कहना है कि एएमसी की आईएफएससी शाखा ने भारत के वित्तीय बाजार में अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लाने के लिए अपनी पहली प्रबंधित योजना का अनावरण किया है। उद्घाटन के अवसर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी ने कहा कि हमारा मानना है कि भारत अपनी विकास यात्रा में बदलाव की ओर बढ़ रहा है। यह मजबूत जनसांख्यिकी, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और दूरगामी नीतिगत सुधारों पर आधारित है। इसी अवसर को भुनाने के लिए फंड हाउस ने पहली बार यह सुविधा शुरू की है। यह फंड हाउस भारतीय बाजारों में निवेश करने के इच्छुक दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अवसर प्रस्तुत करता है।

## लैंड क्रूजर एफजे को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली ।**

टोयोटा कंपनी जल्द ही लैंड क्रूजर एफजे को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी मास प्रोडक्शन अगले साल की दूसरी तिमाही से शुरू होगी। यह नई एसयूवी टोयोटा के आईएमवी 0 लैडर-फ्रेम प्लेटफॉर्म पर तैयार होगी, जिस पर विदेशों में बिक रही हायलक्स चैंप भी बनाई गई है। डिजाइन पेटेंट लीक होने के बाद इस एसयूवी का लुक सामने आया है। इसमें सी-शेप छ्र्रू वाले स्क्वायर हेडलैंप्स, चौड़े व्हील आर्च और स्लैब-स्टाइल रूफलाइन दी गई है। इसे कंपनी फॉर्च्यूनर से नीचे पोजिशन करने वाली है, ताकि यह ऑफ-रोड पोर्टफोलियो में एंट्री-लेवल ऑप्शन के तौर पर खरीदारों तक पहुंचे। पावरट्रेन की बात करें तो बेस वेरिएंट में 1.5-लीटर डीजल इंजन मिलने की उम्मीद है, जबकि हाई वेरिएंट्स में 48वी माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ 2.8-लीटर जीडी डीज़ल इंजन दिया जा सकता है। इसके अलावा लाइनअप में 2.0-लीटर और 2.7-लीटर पेट्रोल इंजन भी शामिल किए जाने की संभावना है। टोयोटा इसमें परमानेंट 4डब्ल्यूडी सिस्टम, टॉर्सन लिमिटेड-स्लिप डिफरेंशियल और मल्टीपल टेरेन मोड्स जैसे फीचर्स देने वाली है, जिससे यह किसी भी तरह की सड़क और कठिन रास्तों पर बेहतर परफॉर्मेंस दे सकेगी। भारत में इसके लॉन्च को लेकर कंपनी ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमण एवं दीव प्रशासन,
जिला अधिकारी का कार्यालय, जिला पंचायत, दीव.
ई-निविदा आईडी :2025_DIUDT_4419_1
No. IP/DMN/2/5/2025-26/734 Dtd :- 26/08/2025

लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना
एफ-38 (प्रथम माले) का विशेष नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार।(E-30467)
टेंडर आईडी नंबर : 2025_DAMAN_4416_1
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 01/09/2025
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 01/09/2025
बोली खुलने की तिथि : 01/09/2025
For details please scan
कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., दमण,
No. IP/DMN/2/5/2025-26/738 Dtd :- 26/08/2025

लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना
टेंडर आईडी नंबर : 2025_DAMAN_4418_1
प्रीबिड मीटिंग की तारीख : 08/09/2025
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 17/09/2025
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 17/09/2025
बोली खुलने की तिथि : 17/09/2025
For details please scan
कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., दमण,
No. IP/DMN/2/5/2025-26/740 Dtd :- 26/08/2025

संघ प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमण और दीव
लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना
नानी दमन के सोमनाथ ग्राम पंचायत के रिंगनवाड़ा भंडारवाड़ मे शौचालय ब्लॉक की मरम्मत और नवीनीकरण।
टेण्डर ID सं :2025_DAMAN_4427_1
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :06-09-2025
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि :06-09-2025
बोली खुलने की तिथि :06-09-2025
For details please scan
https://ddtenders.gov.in
प्रभारी कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., जिला पंचायत, मोटी दमण,
No. IP/DMN/2/5/2025-26/742 Dtd :- 26/08/2025

Adv. for applicant M N Paida
Next date: 04/09/2025

PUBLIC NOTICE
IN THE COURT OF THE HON'BLE CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, DIU, AT: DIU.
CNR-UTDD02-000567-2025
C. M. A. No. 378/2025
1. Rama Giva & Anr. ......... Applicant/s
Vs
The Civil Registrar Diu. ......... Opponent/s

The public at large to take note that applicants above named have filed application for rectification of their marriage records under Article 3 read with article 97 & 98 of Portuguese Civil Registration Code.

Whereas they intendant to rectify the date of marriage / their names / their parents names previ ously registered in the record of marriage kept and preserved by Civil Registrar Office, Diu, against Marriage **Entry No. 149/1984, dated: 27/07/1984.**

Therefore, if anybody has any objection for rectification of the marriage record of Civil Registrar Diu, shall appear either in person or through advocate and file written objection within 30 days of publication of this notice. If objection of whatsoever nature is not registered before this Hon'ble Court then necessary order will be passed and objection if any raised afterwards shall not be considered.

Place: Diu.
Date: 11/08/2025.
By Order
A.S. / Superintendent,
Diu

Adv. for applicant H G Bariya
Next date: 17/09/2025

PUBLIC NOTICE
IN THE COURT OF THE HON'BLE CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, DIU, AT: DIU.
CNR-UTDD02-000628-2025
C. M. A. No. 430/2025
1. Pravin Natu & Anr. ......... Applicant/s
Vs
The Civil Registrar Diu. ......... Opponent/s

The public at large to take note that applicants above named have filed application for rectification of their marriage records under Article 3 read with article 97 & 98 of Portuguese Civil Registration Code.

Whereas they intendant to rectify the date of marriage / their names / their parents names previ ously registered in the record of marriage kept and preserved by Civil Registrar Office, Diu, against Marriage **Entry No. 218, dated: 03/07/2000.**

Therefore, if anybody has any objection for rectification of the marriage record of Civil Registrar Diu, shall appear either in person or through advocate and file written objection within 30 days of publication of this notice. If objection of whatsoever nature is not registered before this Hon'ble Court then necessary order will be passed and objection if any raised afterwards shall not be considered.

Place: Diu.
Date: 22/08/2025.
By Order
A.S. / Superintendent,
Diu

CHANGE OF NAME
I HAVE CHANGED MY NAME FROM CHETANABEN KIRANSINH DODIYA TO **CHETANABEN PRABHATSINH GOHEL** AS PER DOCUMENTS

CHANGE OF NAME
OLD NAME - SHAIKH NILOFAR JAMAL
**NEW NAME - NILOFAR MD JAMAL SHAIKH**
**ADD :-** 3/195 KHARAWAD MASJID FALIA NANI DAMAN DAMAN - 396210

CHANGE OF NAME
OLD NAME - NILOFAR MOHAMAD JAMAL SHAIKH
**NEW NAME - NILOFAR MD JAMAL SHAIKH**
**ADD :-** 3/195 KHARAWAD MASJID FALIA NANI DAMAN DAMAN - 396210

CHANGE OF NAME
OLD NAME - KHOT MOHAMAD FAIZAN AKBARALI
**NEW NAME - MOHAMADFAIZAN ACBARALI**
**ADD :-** 3/195 KHARAWAD MASJID STREET NANI DAMAN DAMAN - 396210

CHANGE OF NAME
OLD NAME - PRAJAPATI GOVINDBHAI NAROTAMBHAI
**NEW NAME - GOVIND NAROTTAM PRAJAPATI**
**ADD :-** H.NO. 4-289/V/F-3, NAROTTAM NIWAS KHARIWAD, MITNAWAD ROAD, NANI DAMAN, DAMAN- 396 210

# गणेशोत्सव



विनायक चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश को समर्पित है। यह पर्व हिन्दू धर्म के मानने वालों का मुख्य पर्व है। विनायक चतुर्थी को गणेशोत्सव के रूप में सारे विश्व में हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में इसकी धूम यूं तो सभी प्रदेशों में होती है, परन्तु विशेष रूप से यह महाराष्ट्र में मनाया जाता है।

विनायक चतुर्थी के उत्सव को सम्पूर्ण महाराष्ट्र का मुख्य पर्व भी कहा जा सकता है। इस दिन लोग मौहल्लों और चौराहों पर प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी की मूर्ति की स्थापना करते है। आरती और भगवान श्री गणेश के जयकारों से सारा माहौल गुंज रहा होता है। इस उत्सव का अंत अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश की मूर्ति समुद्र में विसर्जित करने के बाद होता है।

### कथा

गणेश चतुर्थी व्रत को लेकर एक पौराणिक कथा प्रचलन में है। इस कथा के अनुसार एक बार भगवान शंकर और माता पार्वती नर्मदा नदी के निकट बैठे थे। वहां देवी पार्वती ने भगवान भोलेनाथ से समय व्यतीत करने के लिये चौपड़ का खेल खेलने को कहा। भगवान शंकर चौपड़ खेलने के लिये तैयार तो हो गये, परन्तु इस खेल मे हार-जीत का फैसला कौन करेगा? इसका प्रश्न उठा, इसके जवाब में भगवान भोलेनाथ ने कुछ तिनके एकत्रित कर उसका पुतला बनाकर, उस पुतले की प्राण प्रतिष्ठा कर दी और पुतले से कहा कि- 卐बेटा हम चौपड़ खेलना चाहते है, परन्तु हमारी हार-जीत का फैसला करने वाला कोई नहीं है। इसलिये तुम बताना की हम में से कौन हारा और कौन जीता।

### चौपड़ का खेल

यह कहने के बाद चौपड़ का खेल प्रारम्भ हो गया। खेल तीन बार खेला गया, और संयोग से तीनों बार पार्वती जी जीत गईं। खेल के समाप्त होने पर बालक से हार-जीत का फैसला करने के लिये कहा गया, तो बालक ने महादेव को विजयी बताया। यह सुनकर माता पार्वती क्रोधित हो गईं और उन्होंने क्रोध में आकर बालक को लंगडा होने व कीचड़ में पड़े रहने का श्राप दे दिया। बालक ने माता से माफ़ी मांगी और कहा- मुझसे अज्ञानता वश ऐसा हुआ, मैनें किसी द्वेष में ऐसा नहीं किया।卐 बालक के क्षमा मांगने पर माता ने कहा- यहाँ गणेश पूजन के लिये नाग कन्याएं आयेंगी, उनके कहे अनुसार तुम गणेश व्रत करो, ऐसा करने से तुम मुझे प्राप्त करोगे। यह कहकर माता पार्वती भगवान शिव के साथ कैलाश पर्वत पर चली गई।



### गणेश का प्रसन्न होना

ठीक एक वर्ष बाद उस स्थान पर नाग कन्याएं आईं। नाग कन्याओं से श्री गणेश के व्रत की विधि मालुम करने पर उस बालक ने 21 दिन लगातार गणेश जी का व्रत किया। उसकी श्रद्घा देखकर भगवान गणेश प्रसन्न हो गए और उन्होंने बालक को मनोवांछित फल मांगने के लिये कहा। बालक ने कहा- हे विनायक! मुझमें इतनी शक्ति दीजिए, कि मैं अपने पैरों से चलकर अपने माता-पिता के साथ कैलाश पर्वत पर पहुंच सकूं और वो यह देख प्रसन्न हों।卐 बालक को यह वरदान देकर भगवान गणेश अन्तर्धान हो गए। बालक इसके बाद कैलाश पर्वत पर पहुंच गया और वहाँ पहुंचने की कथा उसने भगवान महादेव को सुनाई। उस दिन से पार्वती जी शिवजी से विमुख हो गईं। देवी के रुष्ठ होने पर भगवान शंकर ने भी बालक के बताये अनुसार गणेश का व्रत 21 दिनों तक किया। इसके प्रभाव से माता के मन से भगवान भोलेनाथ के लिये जो नाराजगी थी, वह समाप्त हो गई।

# भगवान गणेशजी ही प्रथम पूज्य क्यों?

एक बार कार्तिकेय व गणेशजी में होड़ लगी कि सबसे बुद्धिमान कौन? तब भगवान भोलेनाथ जी ने कहा जो पृथ्वी के सात चक्कर लगाकर सबसे पहले लौट कर आएगा वह बुद्धिमान व प्रथम पूजनीय होगा। गणेशजी भारी भरकम थे। वाहन भी चूहा व कार्तिकेय उत्तम वजन के थे और उनका वाहन मोर। स्वामी कार्तिकेय चल पड़े। गणेशजी सोचने लगे। गणेशजी ने सोचा माता-पिता ही जन्मदाता है तो सबसे महान वही हुए। उन्हीं के सात चक्कर लगा लिए और खड़े हो गए।

कार्तिकेय भी आ पहुंचे। जब निर्णय की बारी आई तो भगवान आशुतोषजी ने कहा कि गणेश बुद्धिमान व श्रेष्ठ हैं, क्योंकि माता-पिता ही समस्त तीर्थों से बड़े होते हैं। तभी से भगवान गणेशजी को सब देवताओं से पहले पूजा जाता है एवं हर मांगलिक कार्य में श्रीगणेश जी का ही पूजन स्मरण व स्थापना की जाती है। इससे हमें सीख मिलती है कि जो अपने माता-पिता की सेवा करता है, उन्हें सब तीर्थों का फल मिल जाता है। फिर वह तीर्थयात्रा करें या ना करें।

# हर बाधा दूर करते हैं श्रीगणेश

प्राचीन समय में हल्दी को गणेश जी की मूर्ति के रूप में पूजा जाता था। हल्दी को मंगलकारी, धन व ज्ञान का प्रतीक माना जाता था। जिस देवता की स्तुति इन शब्दों से की जाती हो, ऐसे पूजनीय रिद्धि-सिद्धि के स्वामी विघ्नहर्ता के जप में हर शुभ मांगलिक कार्य व पूजन में सर्वप्रथम पूजे जाने वाले भालचंद्र यानी श्रीगणेश जी वैवाहिक कार्यों में भी सर्वप्रथम न सिर्फ पूजनीय हैं, अपितु वैवाहिक निमंत्रणों में निमंत्रित किए जाने वाले प्रथम अतिथि भी हैं। समस्त मांगलिक कार्यों में प्रथम पूजनीय होने व हर विघ्न और कष्ट को दूर करने की उनकी महत्ता के कारण ही मंगलमूर्ति भी कहे जाते हैं।

यह माना जाता है कि श्रीगणेश जी समस्त दिशाओं में उपस्थित हैं एवं उनके पूजन के साथ शुरू किया गया कोई भी कार्य निर्विघ्न रूप से पूर्ण होता है। अत: सबसे पहले उनकी स्तुति व पूजन कर कार्य शुरू किए जाते हैं। चाहे वैवाहिक कार्यक्रम हो अथवा गृह प्रवेश सभी में श्रीगणेश जी को याद किया जाता है। यहां तक कि वैवाहिक व अन्य मांगलिक कार्यों के विभिन्न चित्र सर्वप्रथम अंकित किए जाते हैं अथवा उनकी स्तुति से निमंत्रण-पत्र का आरंभ होता है। हमारे समाज में प्राचीन समय से यह मान्यता रही है कि श्रीगणेश जी के पूजन से शुरू किए गए कार्य में कभी कोई बाधा नहीं आती और कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होता है। श्रीगणेश को समस्त गणों का अधिपति माना जाता है और इसी वजह से वे गणपति के नाम से भी जाने जाते हैं।

गणेश जी के मांगलिक कार्यों में प्रथम पूजन को लेकर यह कथा प्रचलित है कि एक बार समस्त देवी-देवताओं को पृथ्वी का चक्कर लगाने को कहा गया, किंतु श्रीगणेश जी अपने भारी शरीर व छोटे से वाहन मूषक के कारण दुविधा में थे कि वे चक्कर कैसे पूर्ण करें। उन्होंने अपनी बुद्धि का उपयोग करते हुए माता-पिता पार्वती व शिवजी की परिक्रमा कर ली और सभी के पूछने पर कारण बताया कि माता-पिता तो समस्त संसार के तुल्य हैं। वे ब्रह्मा के सहायक हैं, अत: उनकी पूजा का विशेष महत्व है। प्राचीन समय में हल्दी को गणेश जी को मूर्ति स्वरूप पूजा जाता था। गणेश जी की उपस्थिति ओंमकार में मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि गणेश जी के शुभागमन के साथ सारी बाधाएं खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं। श्रीगणेश जी सभी का कल्याण करने वाले माने जाते हैं।

# श्री गणेश पूजन की आसान विधि

श्रीगणेश पूजा अपने आपमें बहुत ही महत्वपूर्ण व कल्याणकारी है। चाहे वह किसी कार्य की सफलता के लिए हो या फिर चाहे किसी कामनापूर्ति स्त्री, पुत्र, पौत्र, धन, समृद्धि के लिए या फिर अचानक ही किसी संकट मे पड़े हुए दुखों के निवारण हेतु हो।

– अर्थात जब कभी किसी व्यक्ति को किसी अनिष्ट की आशंका हो या उसे नाना प्रकार के शारीरिक या आर्थिक कष्ट उठाने पड़ रहे हो तो उसे श्रद्घा एवं विश्वासपूर्वक किसी योग्य व विद्वान ब्राह्मण के सहयोग से श्रीगणपति प्रभु व शिव परिवार का व्रत, आराधना व पूजन करना चाहिए।

- पूजन से पहले नित्यादि क्रियाओं से निवृत्त होकर शुद्ध आसन में बैठकर सभी पूजन सामग्री को एकत्रित कर पुष्प, धूप, दीप, कपूर, रोली, मौली लाल, चंदन, मोदक आदि एकत्रित कर क्रमशः पूजा करें।
- भगवान श्रीगणेश को तुलसी दल व तुलसी पत्र नहीं चढ़ाना चाहिए। उन्हें, शुद्ध स्थान से चुनी हुई दुर्वा को धोकर ही चढ़ाना चाहिए।
- श्रीगणेश भगवान को मोदक (लड्डू) अधिक प्रिय होते हैं इसलिए उन्हें देशी घी से बने मोदक का प्रसाद भी चढ़ाना चाहिए।
- श्रीगणेश स्त्रोत से विशेष फल की प्राप्ति होती है।
- श्रीगणेश सहित प्रभु शिव व गौरी, नन्दी, कार्तिकेय सहित सम्पूर्ण शिव परिवार की पूजा षोड़षोपचार विधि से करना चाहिए।
- व्रत व पूजा के समय किसी प्रकार का क्रोध व गुस्सा न करें। यह हानिप्रद सिद्ध हो सकता है।
- श्रीगणेश का ध्यान करते हुए शुद्ध व सात्विक चित्त से प्रसन्न रहना चाहिए।
- शास्त्रानुसार श्रीगणेश की पार्थिव प्रतिमा बनाकर उसे प्राणप्रति?ष्ठित कर पूजन-अर्चन के बाद विसर्जित कर देने का आख्यान मिलता है। किन्तु भजन-कीर्तन आदि आयोजनों और सांस्कृतिक आयोजनों के कारण भक्त 1, 2, 3, 5, 7, 10 आदि दिनों तक पूजन अर्चन करते हुए प्रतिमा का विसर्जन करते हैं।
- किसी भी पूजा के उपरांत सभी आवाहित देवताओं की शास्त्रीय विधि से पूजा-अर्चना करने के बाद उनका विसर्जन किया जाता है, किन्तु श्री लक्ष्मी और श्रीगणेश का विसर्जन नहीं किया जाता है। इसलिए श्रीगणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करें, किन्तु उन्हें अपने निवास स्थान में श्री लक्ष्मी जी सहित रहने के लिए निमंत्रित करें।
- पूजा के उपरांत अपराध क्षमा प्रार्थना करें, सभी अतिथि व भक्तों का यथा व्यवहार स्वागत करें।
- पूजा कराने वाले ब्राह्मण को संतुष्ट कर यथा विधि पारिश्रामिक (दान) आदि दें, उन्हें प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर दीर्घायु, आरोग्यता, सुख, समृद्धि, धन-ऐश्वर्य आदि को बढ़ाने के योग्य बनें।

भारतीय धर्म संस्कृति में किसी कार्य की सफलता हेतु पहले मंगलाचरण या फिर पूज्य देवों के वंदना की परंपरा रही है। किसी कार्य को सुचारू रूप से निर्विघ्नपूर्वक संपन्न करने हेतु सर्वप्रथम श्रीगणेश जी की वंदना व अर्चना का विधान है। इसीलिए सनातन धर्म में सर्वप्रथम श्रीगणेश की पूजा से ही किसी कार्य की शुरुआत होती है। जो भी भक्त भगवान गणेश का व्रत या पूजा करता है उसे श्रीगणेश प्रभु की कृपा और मनोवांछित फल की प्राप्ति अवश्य ही होती है।



# श्री गणेश एक रूप अनेक



गणेश शब्द की व्युत्पत्ति हुई है गणानां जीवजातानां य: ईश: स्वामी स: गणेश: से। अर्थात,जो समस्त जीव जाति के ईश-स्वामी हैं वह गणेश हैं। इनकी पूजा से सभी विघ्न नष्ट होते हैं। लेकिन अन्य देवताओं की तरह गणेश जी के भी कई रूप हैं।

गणेश पुराण के क्रीड़ा खंड में युग-भेद से गणेश जी के चार रूपों की व्याख्या करके उनके चार भिन्न वाहन बताए गए हैं।

सतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है, वे दस भुजा वाले हैं और उनका नाम विनायक है।

त्रेता युग में वाहन मोर है, छ: भुजाएं हैं और नाम मयूरेश्वर है।

द्वापर में वाहन चूहा (मूषक) है, भुजाएं चार हैं और नाम गजानन है।

कलयुग में दो भुजाएं हैं वाहन घोड़ा है और नाम धूम्रकेतु है।

इन चारों रूपों की उपासना विधि व लीला चरित्र का विवरण गणेश पुराण में प्राप्त होता है।

वर्तमान में गणेश जी का सर्वप्रसिद्ध वाहन मूषक(चूहा)माना जाता है। विभिन्न मंत्रों के ध्यान में इनके मूषक वाहन का ही संकेत पाया जाता है।

विशिष्ट वस्तुओं के पूजन भेद से गणेश जी के अनेक रूप प्रसिद्ध हैं जैसे हरिद्रा गणेश,दूर्वा गणेश,शमी गणेश,गोमेद गणेश आदि।

कामना भेद से भी इनके भिन्न रूपों की उपासना की जाती है जैसे संतान प्राप्ति हेतु संतान गणपति,विद्या प्राप्ति हेतु विद्या गणपति आदि।

सामान्य उपासक दैनिक उपासना में गणेश जी के प्रसिद्ध द्वादश नाम स्तोत्र,संकट नाशक स्तोत्र,गणपति अथर्वशीर्ष,गणेश कवच,शतनामस्तोत्र आदि का सुविधानुसार पाठ करके इनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

विशिष्ट उपासना के अंतर्गत गणपति अथर्वशीर्ष से इनका अभिषेक किया जाता है। गणेश पुराण एवं रुद्रयामल तंत्र में वर्णित सहस्त्र नामस्तोत्र की नामावली के द्वारा दूर्वा से इनका अर्चन किया जाता है। गणपति योग भी वैदिक पद्धति के द्वारा संपन्न कराया जाता है।

अलग-अलग होती है उपासना-

भगवान गणेश की उपासना अनेक प्रकार से होती है। गणेशमूर्ति के अलग-अलग प्रकार की अर्चना का विधान भी अलग-अलग होता है। दो से अठारह भुजा एवं एकमुखी से दशमुखी मूर्तियों का पूजन होता है और इनसे संबंधित मंत्र,कवच,यंत्र,स्त्रोत आदि का विधान तंत्र शास्त्र के मान्य ग्रंथों,मंत्र महार्णव,मंत्रमहोदधि,शारदा तिलक,तंत्र सार आदि में अंतर पाया जाता है। गणपति पूजन में मुख्यत: दूर्वा,शमी के पत्ते और मोदक (लड्डू)अर्पित किए जाते हैं।

# संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया ने वैदिक डेंटल कॉलेज की ली मुलाकात

■ दमण जिला भाजपा अध्यक्ष भरत पटेल और डीएमसी प्रेसिडेंट अस्पी दमणिया भी रहे मौजूद





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया, दमण जिला भाजपा अध्यक्ष भरत पटेल और डीएमसी प्रेसिडेंट अस्पी दमणिया ने वैदिक डेंटल कॉलेज की मुलाकात ली। इस दौरान वैदिक डेंटल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव प्रशासक प्रफुल पटेल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में हुए विभिन्न विकास कार्यों को रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान उपस्थित महानुभावों ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक पद्मश्री डॉ. एस. एस. वैश्य और कॉलेज के डीन डॉ. सिन्हा भी उपस्थित रहे।

# भाजपा के युवा मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक में संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हुए शामिल







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली 26 अगस्त। दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर सेवा पखवाडा के अतंर्गत भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक में संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत पटेल एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया के मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष विशाल पटेल (अप्पू पटेल) और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सिद्धार्थ शुक्ला भी शामिल हुए थे।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर दमण में हुई बैठक

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 अगस्त। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संशोधन-पूर्व गतिविधियां प्रक्रियाधीन हैं। मतदान केंद्रों पर नियमावली 2020 में निहित निर्देशों के अनुसार 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के लिए मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और अनुभागों के गठन की गतिविधि प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में आज दोपहर 12 बजे सम्मेलन कक्ष, कलेक्ट्रेट, मोटी दमण में राजनीतिक दलों, प्रतिनिधियों और निर्वाचित सदस्यों के साथ आपत्तियाँ और सुझाव आमंत्रित करने हेतु एक बैठक आयोजित की गई। मतदान केंद्रों की अंतिम सूची ईसीआई के दिशानिर्देशों के दायरे में आपत्तियों और सुझावों के अनुसार प्रकाशित की जाएगी।









स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)